दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्षः 17 | अंक 59 | सीकर, रविवार 26 अप्रेल 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## राहुल बोले- ममता बंगाल में बीजेपी का रास्ता खोल रहीं

### हिमंता ने कहा- असम में सेंचुरी, बंगाल में डबल सेंचुरी बनाएंगे



कोलकाता।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के हुगली में रैली की। उन्होंने कहा- मेरे ऊपर 36 केस हैं क्योंकि मैं क्ष्ध्क्ष्क से लड़ता रहता हूं। श्वष्ठ ने मेरे से 55 घंटे पूछताछ की। मेरा घर ले लिया गया था। लेकिन ममता जी के साथ ऐसा क्यों नहीं हुआ। क्योंकि जो ममता बंगाल में कर रही हैं, मोदी जी देश में कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, पर उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कंट्रोल करते हैं। मोदी ने अमेरिका को हमारे देश का कृषि सेक्टर बेच दिया।आप जानते हो कि देश में जहां भी नरेंद्र मोदी जाते हैं, वो सिर्फ नफरत फैलाते हैं। कुछ साल पहले कांग्रेस ने देशभर में भारत जोड़ो यात्रा की। कांग्रेस के दौर में बंगाल में उद्योग थे।

वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने आज कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि इस बार हम असम में सेंचुरी और बंगाल में डबल सेंचुरी बनाएंगे। मैं भरोसे से कह सकता हूं कि बंगाल में पहले चरण में ही भाजपा 110 सीटें जीत चुकी है।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से आने वालों के कारण अगले दो दशकों में असम और बंगाल में हिंदू अपना बहुमत का दर्जा खो देंगे। ञ्जरूष्ट नेता कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी को पहले फेज की 152 सीटों में से 125 से 135 सीटें मिलेंगी। ममता बनर्जी के नेतृत्व में सरकार बनेगी।

इधर, चुनाव आयोग ने लापरवाही बरतने और निष्पक्षता नहीं रखने पर पांच अफसरों को सस्पेंड कर दिया है। सस्पेंड अधिकारियों में एएसपी और एसडीपीओ भी शामिल हैं।

## नीति आयोग देश की नीति-निर्माण व्यवस्था का एक अहम स्तंभ बनकर उभराः पीएम मोदी



नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि नीति आयोग देश की नीति-निर्माण व्यवस्था का एक अहम स्तंभ बनकर उभरा है। यह सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने, सुधारों को आगे बढ़ाने और 'ईज ऑफ लिविंग यानी जीवन की सुगमता' को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पीएम मोदी ने डॉ. अशोक कुमार लाहिड़ी को उपाध्यक्ष बनने की बधाई देते हुए और अन्य पूर्णकालिक सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि यह संस्था अलग-अलग क्षेत्रों में नवाचार और लंबे समय की रणनीति बनाने के लिए एक गतिशील मंच के रूप में काम कर रही है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन किया है। अशोक कुमार लाहिड़ी को उपाध्यक्ष बनने पर मेरी शुभकामनाएं। साथ ही राजीव गौबा, प्रो. के. वी. राजू, प्रो. गोबर्धन दास, प्रो. अभय करंदीकर और डॉ. एम. श्रीनिवास को भी पूर्णकालिक सदस्य बनने पर बधाई। पीएम मोदी ने सभी को उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे प्रभावी और परिणाम देने वाला कार्यकाल पूरा करें। प्रधानमंत्री मोदी ने लाहिड़ी से मुलाकात भी की और उन्हें उपाध्यक्ष बनने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि अर्थशास्त्र और सार्वजनिक नीति में लाहिड़ी का अनुभव भारत में सुधारों को और मजबूत करेगा और 'विकसित भारत' के लक्ष्य की दिशा में मदद करेगा।

## एसोसिएशन ऑफ रिटायर्ड जजेज एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सम्मेलन आयोजित

# सेवानिवृत्त न्यायाधीशों का अनुभव, विद्वता और न्याय-दृष्टि देश की अमूल्य धरोहर : सीएम

### सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को मानें लाइब्रेरी, हर दिन कुछ नया सीखे युवा पीढ़ी : सीजेआई सूर्यकांत





जयपुर।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज में एक बावड़ी की तरह कार्य करते हैं, जो समय आने पर अपने अनुभव से किसी भी समस्या का सही समाधान बता सकते हैं। इसी कड़ी में सेवानिवृत्त न्यायाधीश लोक अदालत में मध्यस्थता के जरिए सकारात्मक बदलाव लाने में अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक न्यायाधीश हमेशा न्यायाधीश होता है और सेवानिवृत्त न्यायाधीश एक लाइब्रेरी की तरह है, जिससे आज की युवा पीढ़ी को हर दिन कुछ न कुछ नया सीखना चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में एसोसिएशन ऑफ रिटायर्ड जजेज एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 'द बैंच बियोन्ड रिटायरमेंटः वैकल्पिक विवाद समाधान के संवर्धन और आम जनता में कानून के प्रति जागरूकता में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की भूमिका' विषय पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा कोर्ट में वाद से पहले लोक अदालत का रुख करने की अपील की प्रशंसा करते हुए कहा कि मध्यस्थता किसी भी विवाद का त्वरित समाधान दिला सकती है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि समाज न्यायाधीशों द्वारा कहे गए शब्दों का अनुसरण करता है और इसी से सकारात्मक परिवर्तन आता है। देश के इतिहास में सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों द्वारा ऐसे अनेक ऐतिहासिक फैसले दिए गए हैं, जिन्होंने करोड़ों लोगों के जीवन को बेहतर बनाया है। उन्होंने आमजन से कोर्ट में वाद से पहले एक बार मध्यस्थता केंद्र या लोक अदालत जाने की अपील की। साथ ही, युवाओं से आह्वान किया कि अनुभवी लोगों से प्राप्त अनुभव को समाज एवं राष्ट्र हित में उपयोग करें।

**न्यायपालिका लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ, कानून और संविधान की रक्षक-**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ होने के साथ ही कानून और संविधान की रक्षक है, जो हर नागरिक को समान अधिकार देती है। चाहे मौलिक अधिकारों की रक्षा हो, पर्यावरण का संरक्षण हो, महिलाओं के अधिकार हो या भ्रष्टाचार पर प्रहार, न्यायपालिका हमेशा आगे रही है। न्यायाधीश केवल मुकदमे ही नहीं सुनते हैं बल्कि हर उस व्यक्ति की उम्मीद होते हैं, जिसे न्याय की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि अनुभवी न्यायाधीशों की भूमिका आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उनका अनुभव, विद्वता और न्याय-दृष्टि देश की अमूल्य धरोहर है।

जिनसे विधिक जागरूकता बढ़ाने और वैकल्पिक विवाद समाधान से मुकदमों का बोझ कम करने में सहायता मिलती है। मध्यस्थता, सुलह, लोक अदालत और बातचीत से विवादों को न सिर्फ कम समय में सुलझाया जा सकता है बल्कि अदालतों पर काम का बोझ भी कम किया जा सकता है। जब विवाद प्रेम से सुलझते हैं तो मुकदमेबाजी की प्रवृत्ति कम होती है और सामाजिक समरसता बढ़ती है।

**हर व्यक्ति को त्वरित और पारदर्शी न्याय मिले, यही प्रधानमंत्री का विजन-**

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के हर व्यक्ति को त्वरित और पारदर्शी तरीके से न्याय मिले, यही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है। इसके लिए क्रांतिकारी परिवर्तन करते हुए डिजिटल इंडिया और ई-गवर्नेंस के माध्यम से न्याय प्रणाली को तेज, पारदर्शी एवं अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। वहीं, नए कानूनों में दण्ड के स्थान पर न्याय को प्राथमिकता देते हुए भारतीय दण्ड संहिता के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता लाई गई है। राज्य सरकार द्वारा नए कानूनों के सफल क्रियान्वयन के लिए पुलिस और अभियोजन को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं, अदालतों की संख्या में बढ़ोतरी के साथ न्यायालय भवनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है ताकि हर नागरिक को समय पर न्याय मिल सके। राजस्थान हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा ने कहा कि आमजन को जागरूक करने एवं सुलभ न्याय पहुंचाने में रालसा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वहीं, लोक अदालतों में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के अनुभव से मध्यस्थता के जरिए पुराने विवादों का निस्तारण किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान हाईकोर्ट के नवाचार 'यूनिफॉर्म रजिस्ट्रेशन नंबर सिस्टम' को लॉन्च तथा सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीशों द्वारा लिखे गए आर्टिकल्स की संकलन पुस्तक का विमोचन किया गया। साथ ही, विधिक सेवाओं को अधिक सुलभ और सशक्त बनाने के लिए मल्टी यूटिलिटी वाहनों को रवाना किया गया।

# राजस्थान के 6 जिलों में बारिश

### राजसमंद में गिरे ओले : मौसम विभाग ने दी लू की चेतावनी; दो दिन बाद आंधी के साथ बरसात का अलर्ट

जयपुर।



राजस्थान में तेज गर्मी के बीच अचानक मौसम बदल गया। बीकानेर, सीकर, सवाई माधोपुर और बाड़मेर जिले में शनिवार को बारिश हुई। राजसमंद जिले में बारिश के साथ ओले भी गिरे। बीकानेर के नोखा में दोपहर में अचानक मौसम बदला और बारिश हुई। वहीं सवाई माधोपुर के गंगापुर सिटी में दोपहर 3 बजे आधे घंटे तक तेज बरसात हुई। राजसमंद जिले के कुंभलगढ़ में शाम 4 बजे के बाद आधे घंटे तक बारिश हुई। कुछ जगह ओले भी गिरे। सीकर में शाम करीब 4:15 बजे तेज धूप के बीच 5 मिनट तक बारिश हुई। इसके बाद लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। झुंझुनूं में दोपहर बाद आंधी के साथ बारिश हुई।

मौसम विभाग ने 25 और 26 अप्रैल को हीटवेव की चेतावनी दी है। वहीं दो दिन बाद एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) राज्य में सक्रिय होगा। इसके प्रभाव से 16 जिलों में आंधी चलने के साथ कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। शुक्रवार को 24 शहरों का दिन का अधिकतम तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री रहा।
दोपहर बाद उत्तर-पश्चिम के जिलों का मौसम बदल गया। राजसमंद जिले में शाम 4 बजे के बाद बारिश हुई। बीकानेर के नोखा में दोपहर में अचानक मौसम बदला और बारिश हुई। वहीं सवाई माधोपुर के गंगापुर सिटी में दोपहर 3 बजे आधे घंटे तक तेज बरसात हुई। जिससे तापमान में गिरावट आ गई। गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिली। राजसमंद जिले के कुंभलगढ़ में शाम 4 बजे के बाद आधे घंटे तक बारिश हुई। क्षेत्र के ओडा कनूजा गांव में बारिश के साथ ओले भी गिरे। सीकर में शाम करीब 4:15 बजे तेज धूप के बीच 5 मिनट तक बारिश हुई। बालोतरा जिले के पाटोदी इलाके में शनिवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शाम को शाम को नवातला और आसपास के कुछ गांवों में हुई हल्की बारिश से लोगों को थोड़ी राहत मिली। झुंझुनूं में दोपहर बाद अचानक मौसम बदल गया। पहले हल्की बूंदाबांदी हुई, इसके बाद धूल भरी आंधी के साथ तेज बारिश हुई। चूरू, हनुमानगढ़, बीकानेर में बादल छाए और कुछ स्थानों पर शाम को धूलभरी हवा चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। हनुमानगढ़ के एरिया में कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर की रिपोर्ट के मुताबिक हनुमानगढ़ में इस सीजन की सबसे गर्म रात दर्ज हुई। हनुमानगढ़ में रात का तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

**इन जिलों में सीजन का सबसे अधिक तापमान रहा**-जयपुर, बीकानेर, चूरू, फतेहपुर, अजमेर, वनस्थली (टोंक), अलवर, पिलानी, करौली, दौसा, झुंझुनूं, बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, फलोदी, नागौर, जालोर और पाली में सीजन का सबसे अधिक तापमान रहा।

## वित्त मंत्री सीतारमण ने सेबी से वित्तीय सिस्टम में केवाईसी को आसान और एक समान बनाने का किया आग्रह



**नई दिल्ली.** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को केवाईसी (नो योर कस्टमर) प्रक्रिया में बड़े बदलाव की जरूरत बताई। उन्होंने सेबी यानी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) से पूरे वित्तीय सिस्टम में केवाईसी को आसान और एक समान बनाने की दिशा में कदम उठाने का आग्रह किया। सेबी के 38वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि एक ऐसा केवाईसी सिस्टम होना चाहिए जो सरल, सुरक्षित और हर प्लेटफॉर्म पर काम करने वाला हो। उन्होंने कहा कि अभी का सिस्टम लोगों के लिए परेशानी पैदा करता है, क्योंकि उन्हें बार-बार अलग-अलग जगह पर वही दस्तावेज और जानकारी देनी पड़ती है। वित्त मंत्री ने इस काम को जल्दी करने पर जोर देते हुए कहा कि फाइनेंशियल स्टेबिलिटी एंड डेवलपमेंट काउंसिल और अन्य नियामकों के साथ मिलकर एक साझा सिस्टम तैयार किया जाए। उन्होंने साफ कहा कि किसी भी नागरिक को अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर बार-बार केवाईसी नहीं करनी चाहिए।

वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि तेजी से बदलते वित्तीय बाजार को देखते हुए नियमों में बदलाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि अब रेगुलेशन को केवल समस्या आने के बाद नहीं, बल्कि पहले से ही संभावित जोखिमों को ध्यान में रखकर बनाया जाना चाहिए।उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए होने वाले गलत इस्तेमाल, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय धोखाधड़ी और बढ़ते साइबर खतरों को बड़ी चुनौती बताया।

वित्त मंत्री ने कहा कि आगे चलकर नियम बहुत ज्यादा सख्त और जटिल होने के बजाय सिद्धांतों पर आधारित होने चाहिए, ताकि नवाचार को बढ़ावा मिले और निवेशकों के हित भी सुरक्षित रहें। उन्होंने सुझाव दिया कि नए नियम बनाते समय जनता से राय ली जाए, जिससे संतुलित और लचीले नियम तैयार किए जा सकें।

## कोबरी-सार




# भागवत बोले- भारत विश्वगुरु जरूर बनेगा, कोई संदेह नहीं

### राम मंदिर बनने को लेकर भी लोग शक करते थे, वैसे ही यह लक्ष्य भी अब तय है

**नागपुर।**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि भारत निश्चित रूप से विश्वगुरु बनेगा और इस पर किसी को संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब लोग अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण को लेकर संशय में रहते थे। इसे असंभव मानते थे। लेकिन आज वह मंदिर सबके सामने साक्षात खड़ा है। ठीक उसी प्रकार, भारत का विश्वगुरु के रूप में पुनरुत्थान भी पूरी तरह निश्चित है और इस यात्रा को रोका नहीं जा सकता। भागवत ने यह बात नागपुर में नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट परिसर में बनने वाले भारत दुर्गा शक्ति स्थल मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम में कही। इस मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज, स्वामी मित्रानंदजी महाराज, साध्वी ऋतंभरा और धीरेन्द्र शास्त्री सहित कई धार्मिक नेता भी मौजूद थे।

**भारत के भविष्य पर संदेह न करें- भागवत-** आरएसएस चीफ ने कहा- देश के भविष्य को लेकर कोई संदेह न रखें और साहस व आत्मनिर्भरता के साथ जीवन जीएं। उनके मुताबिक, अगर लोग अपने संकल्प के अनुसार कदम-दर-कदम आगे बढ़ें, तो भारत मजबूत और नैतिक रूप से सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत के विश्वगुरु बनने का सपना निरंतर प्रयासों और सामूहिक अनुशासन के माध्यम से साकार होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह का परिवर्तन वर्तमान पीढ़ी में देखा जा सकता है।

उन्होंने कहा- भारत के भविष्य पर संदेह न करें। साहस और आत्मनिर्भरता के साथ जीएं और इन मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं। भारत मजबूत होगा और दुनिया का मार्गदर्शन करेगा। लोगों को संदेह था कि राम मंदिर बनेगा या नहीं, लेकिन यह बन गया। उसी प्रकार भारत का विश्वगुरु बनना निश्चित है।



# डिग्रवाल बने स्काउट के कोषाध्यक्ष



बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनू के वित्तीय कामकाज के प्रभावी संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं स्काउट जिला मुख्य आयुक्त अशोक कुमार शर्मा ने प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए स्काउट गाइड कार्यालय के वित्तीय कामकाज हेतु सेवानिवृत्ति बैंक अधिकारी ओम प्रकाश डीग्रवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। कोषाध्यक्ष डीग्रवाल के स्काउट गाइड कार्यालय में उपस्थित होने पर सी. ओ. स्काउट महेश कालावत ने उन्हें कोषाध्यक्ष पद पर पदभार ग्रहण करवाया। इस अवसर पर नव नियुक्त कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश डिग्रवाल ने कहा कि स्काउट गाइड कार्यालय में ढांचागत विकास हेतु सतत रूप से कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रपति स्काउट उमेश रोहिल्ला, सहायक लीडर ट्रेनर विजय गर्वा, अमरचंद, वरिष्ठ स्काउट मास्टर रामदेव सिंह गढ़वाल, सहायक सचिव झुंझुनू। रामकिशन सैनी, सुरेंद्र कुमार, रेंजर मनीषा आदि उपस्थित रहे। डिग्रवाल के जिला कोषाध्यक्ष बनने पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मुख्य आयुक्त अशोक कुमार शर्मा, जिला अध्यक्ष गंगाधर सिंह सुंडा, जिला उपाध्यक्ष विनोद सिंघानिया, सी.ओ. स्काउट महेश कालावत, जिला ट्रेनिंग कमिश्नर चिरंजीलाल शर्मा, स्काउट गाइड सचिवों, स्काउटर गाइडर एवं जिले के अनेक पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी।

# हर्षिता को मिली छठी रैंक

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू (नवयत्न)।** सेठ मोतीलाल विधि महाविद्यालय, झुंझुनू की मेधावी छात्रा हर्षिता खेतान ने सत्र 2023-24 की डॉ भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय जयपुर की मेरिट सूची में 6वां स्थान प्राप्त कर न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरे जिले का नाम गौरवान्वित किया है। हर्षिता विश्वनाथ खेतान की सुपुत्री हैं। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से महाविद्यालय परिसर में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण व्याप्त है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एन.के. वर्मा ने हर्षिता को बधाई देते हुए इसे कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण का परिणाम बताया। महाविद्यालय प्रशासन ने कहा कि हर्षिता की यह उपलब्धि संस्थान के लिए गौरवपूर्ण क्षण है और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगी। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास और दृढ़ निश्चय से उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। इस अवसर पर हर्षिता के परिजनों एवं शुभचिंतकों ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनकी इस उपलब्धि ने क्षेत्र में शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल को और अधिक सुदृढ़ किया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक अनिल कुमार चेजारा, विकास गहलोत, ज्योति मोरोलिया, ममता सैनी, लेखाधिकारी पंकज पुरोहित, पुस्तकालयध्यक्ष त्रिकाल दर्शी, रामकुमार तथा सभी विद्यार्थियों ने हर्षिता को इस उपलब्धि के लिए बधाइयाँ दी।

# प्रगति नगर में घुसते हैं भारी वाहन, लोग हो रहे हैं परेशान

## अवैध रूप से हो रहे वाहनों के संचालन को रोकने की मांग



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** नियमों को धत्ता बताकर शहर के अंदर घुसने वाले भारी वाहन आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। जानकारी के अनुसार ओवर ब्रिज का कार्य चलने के कारण शहर में भारी वाहनों का प्रवेश बंद है। लेकिन उसके बावजूद भी दिन में और रात में शहर में भारी वाहन प्रवेश कर रहे हैं। इसी प्रकार का वाकया शुक्रवार की रात को सामने आया, जब प्रगति नगर में घुसा एक ओवरलोड ट्रक बिजली के तार नीचे होने के कारण रास्ते में ही रूक गया। लोगों ने वाहन चालक को घेर लिया और वापस जाने के लिए कहा। काफी देर तक लोगों ने उसके साथ जिद बहस की। प्रगति नगर के लोगों को इस समस्या के कारण खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी ओमप्रकाश गुलेरिया ने बताया कि दिन रात भारी वाहन आते हैं, जिसके कारण सड़क रोज टूट रही है, कई बार पाईप लाईन भी क्षतिग्रस्त हो गई। इसी गली में जिला परिवहन अधिकारी निवास करते हैं, लेकिन वो इस समस्या का समाधान नहीं कर रहे। दूसरी ओर अशोक प्रजापत ने बताया कि रात में कई बार दो वाहन आमने-सामने से आने पर सड़क जाम हो जाती है और लोगों की नींद हराम हो जाती है, इसलिए हमारी मांग है कि सरकार और प्रशासन शहर में आने वाले भारी वाहन चालकों पर कार्यवाही करे। क्योंकि अवैध रूप से इस प्रकार के वाहन शक्ति माता चैराहे से घुसते हैं और आबसर खालियां गांव की ओर जाते हैं। जबकि शहर में भारी वाहनों का प्रवेश बोबासर पुलिया के पास से ही वर्जित है।

# एस एस मोदी के 600 विद्यार्थियों ने किया सर्कस का भ्रमण

सुरेन्द्र शर्मा




**झुंझुनू (नवयत्न)।** शहर के गौरव पथ पर स्थित एस एस मोदी विद्या विहार, झुंझुनू के कक्षा 3 से 8 तक के 600 विद्यार्थियों के लिए एक विशेष शैक्षिक एवं मनोरंजक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत उन्हें सर्कस दिखाने ले जाया गया। यह केवल साधारण भ्रमण नहीं, बल्कि उत्साह, रोमांच और सीख से भरपूर एक यादगार अनुभव था।

निर्धारित समय पर सभी छात्र-छात्राएँ अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यालय से रवाना हुए। विलुप्त होती सर्कस कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था ताकि आज की पीढ़ी इस कला से अनजान ना रहे। सर्कस स्थल पर पहुँचते ही बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्सुकता साफ झलक रही थी। विद्यालय की चारदीवारी से बाहर सर्कस में प्रस्तुत अद्भुत करतबों ने बच्चों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने अपनी साहसिक कला का और संतुलन बनाते हुए अद्भुत खेलों व साइकिल के करतबों ने बच्चों को रोमांच से भर दिया। जोकरों की हास्य प्रस्तुतियों ने खूब तालियाँ बटोरी।

इस भ्रमण से बच्चों ने केवल मनोरंजन ही नहीं किया बल्कि अनुशासन, धैर्य और कठिन परिश्रम के महत्त्व की भी सीख ली।

यह दिन बच्चों के लिये यादगार बन गया। मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकान्त मोदी, ऋषि बराषिया, गीलूराम मोदी, विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल, अकादमिक निदेशक रॉय सी पॉल व प्राचार्य विजय मसीह ने सभी को शुभकामनाएँ प्रेषित की।

# जन-सहयोग से सशक्त हुआ चिड़ावा उप जिला अस्पताल

## नई एक्स-रे मशीन का हुआ लोकार्पण

निसं



**चिड़ावा (नवयत्न)।** उप जिला अस्पताल में चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध नागरिकों के साझा प्रयासों से अस्पताल को एक आधुनिक एक्स-रे प्रिंटर भेंट किया गया, जिसका शुक्रवार को विधिवत लोकार्पण किया गया।

### स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार की सामूहिक पहल

अस्पताल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथियों ने रिबन काटकर नई मशीन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राजकीय चिकित्सालयों में संसाधनों की कमी को दूर करने के लिए समाज के हर वर्ग का आगे आना सराहनीय है। नया प्रिंटर लगने से अब मरीजों को एक्स-रे रिपोर्ट के लिए घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा, जिससे अस्पताल की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी होगी। लोकार्पण के पश्चात उपस्थित समूह ने वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान मरीजों को फल वितरित किए गए और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। अस्पताल प्रशासन ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अतिरिक्त संसाधनों से स्वास्थ्य कर्मियों को बेहतर सेवा देने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर राजस्थान ओबीसी आयोग सदस्य पवन मावंडिया के साथ पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल, नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर, पूर्व मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, सुनीता स्वामी, पूर्व उप सरपंच अमर सिंह तंवर सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। चिकित्सा विभाग की ओर से बीसीएमओ डॉ. संत कुमार जांगिड़ और पीएमओ डॉ नितेश जांगिड़ ने आभार व्यक्त किया।

# 1 लाख रूपयों से भरा थैला पार

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय पुलिस को विश्वनाथ बगड़िया पुत्र नागरमल बगड़िया निवासी बगड़िया मंदिर के पास, सुजानगढ़ ने रिपोर्ट देकर एक लाख रू चोरी हो जाने की जानकारी दी है। विश्वनाथ ने पुलिस को बताया है कि 24 अप्रेल को साढ़े 11 बजे मैंने पंजाब नेशनल बैंक शाखा सब्जी मंडी शाखा से 1 लाख रूपए निकाले और चैकबुक, रूपए थेले में डाल लिए। उसके बाद मैं मुरली होटल पर सामान लेने के लिए रूकाए काउंटर पर मैंने थेला रखा। लेकिन कोई अज्ञात लड़का थैला रूपयों सहित चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गौशाला में सादगी से मनाया व्याख्याता ने जन्मदिन



निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल के व्याख्याता सुशिष्ट भानु गोगवत ने अपना जन्मदिन इस बार अनोखे अंदाज में मनाते हुए बुगाला गौशाला में गौसेवा की। इस अवसर पर उन्होंने गायों को हरा चारा, गुड़ व अन्य सामग्री खिलाकर सेवा की और गौशाला के विकास के लिए सहयोग भी प्रदान किया। अध्यक्ष हीरानन्द बुगालिया ने बताया कि इस दौरान गौशाला परिसर में सादगीपूर्ण वातावरण में उपस्थित गौभक्तों ने इनको जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। व्याख्याता गोगवत ने कहा कि जन्मदिन जैसे खास अवसर को सेवा कार्यों में लगाना ही सच्ची खुशी देता है और गौसेवा भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। गौशाला समिति के पदाधिकारियों ने उनके इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और अन्य लोगों को भी सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। अंत में सभी ने गौमाता की सेवा कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर नन्दकिशोर स्वामी, भंवरसिंह शेखावत, विजयपाल सिंह, महेंद्र कुमार बुगालिया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# मूक पक्षियों के लिए लगाए परिण्डे



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच मानवीय संवेदनाओं ने एक बार फिर करवट ली। परिंडा अभियान के तहत बस डिपो स्थित कच्ची बस्ती में विभिन्न स्थानों पर जल पात्र (परिंडे) स्थापित किए गए ताकि मूक पक्षियों को पेयजल के लिए भटकना न पड़े। प्रियंक जैन ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जीव दया के संकल्प के साथ भीषण ग्रीष्मकाल के दौरान बेजुबान पक्षियों को राहत पहुंचाना है। इस दौरान शैतान सिंह, काव्या, आलोक काला, जुगल काला व प्रियंक जैन सहित समर्पित सदस्यों ने उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं दी। इस अभियान की सबसे खास बात यह रही कि कच्ची बस्ती के लोगों ने एक-एक परिंडे की जिम्मेदारी ली और उनमें नियमित पानी डालने का संकल्प लिया। यह प्रयास न केवल भीषण गर्मी में राहत का माध्यम बना है बल्कि समाज में सेवा भाव की गहरी अलख भी जगाता है।

# 11 सरकारी स्कूलों के 500 बच्चों को मिले स्कूल बैग

निसं




**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** बैंगलोर प्रवासी भामाशाह कमलेश भरत डूंगरवाल के आर्थिक सौजन्य से सरकारी स्कूलों के 5 सौ बच्चों को स्कूल बैग मुहैया करवाये गये है। धूम धड़ाका चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से यह प्रेरणास्पद पहल करते हुए शनिवार को स्टेशन रोड स्थित अग्रसेन भवन में बच्चों को स्कूल बैग वितरित करने के लिए भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीबीईओ सुनीता पूनिया ने कहा कि सरकारी स्कूलों में बच्चो के लिए दिनों दिन भामाशाहों का सुविधाएं विकसित करने के प्रति रूझान बढ़ता जा रहा है, जो काफी अच्छी बात है। शिक्षाविद् स्नेहप्रभा मिश्रा ने कहा कि बच्चों को लगन के साथ शिक्षा हासिल कर देश के सुनागरिक बनने की अपील की। प्रदीप तोदी ने भामाशाह का आभार जताया। इस अवसर पर बाल भारती इंटरनल स्कूल के निदेशक नोपाराम मंडा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप तोदी, विजय सिंह, साहित्य प्रेमी खड़ग सिंह बांठिया, जादूगर विराट सीनियर ने बच्चों को स्कूल बैग बांटे और इस पुनीत कार्य की सराहना की। स्कूल बैग पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी नजर आई। सेटलर ट्रस्टी बसन्त बोरड ने बताया कि कार्यक्रम में 11 सरकारी स्कूलों के 500 बच्चों को स्कूल बैग दिए गए हैं। साथ ही जादूगर विराट जूनियर का सम्मान किया गया। इस दौरान जादूगर विराट जूनियर और सीनियर ने बच्चों को जादू के एक से बढ़कर करतब भी दिखाए। सेटलर ट्रस्टी बसंत कुमार बोरड ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा लगातार सामाजिक सरोकार से सम्बंधित गतिविधियां भामाशाहों के सहयोग से की जाती रही हैए जो आगे भी जारी रहेगा। बोरड़ ने कहा कि हम लोगों का प्रयास है कि भामाशाहों तक जरूरतमंदों की हर बात पहुंच सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष बोरड़, सीमा बोरड़, रानी जैन, नेहा पारीक, विकास सोनी, महेश शर्मा, दीपिका, मोनिकाए यश्वी, प्रीति, पूजा आदि ने सहयोग किया। संचालन हेमन्त चोटिया ने किया। कार्यक्रम में सैंकड़ों स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

# रैली निकालकर करेंगे गाय को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत आन्दोलन तेज किया जा रहा है। 27 अप्रेल सोमवार को सुबह गांधी चैक में साढ़े नौ बजे से हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जायेगा। उसके बाद गौ पूजन किया जायेगा। वहीं से उपस्थित सैंकड़ों लोग उपखंड कार्यालय तक शांतिपूर्वक रैली के रूप में जायेंगे।

गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया जायेगा। गौसेवक बबलू बजरंगी ने बताया कि सरकार से गौहत्या पूर्णतया बंद करने, गौसेवा हेतु केंद्रीय कानून लागू करने, केंद्रीय गौसेवा मंत्रालय बनाये जाने, गोचर बोर्ड बनाने, चारा सुरक्षा नीति तय करने की मांगे भी की जाएगी।

# डॉ. के. राम अर्थशास्त्र में डीलिट् की मानद उपाधि से सम्मानित

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान के शैक्षणिक एवं सामाजिक परिदृश्य में एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण दर्ज हुआए जब राजस्थान विश्वविद्यालय के 35वें दीक्षांत समारोह, 2026 में प्रतिष्ठित शिक्षाविद, प्रशासक एवं समाजसेवी डॉ. के. राम को अर्थशास्त्र में डीलिट् की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सम्मान का प्रतीक है, बल्कि पूरे राज्य के शिक्षा जगत के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है। इस गरिमामय समारोह में यह प्रतिष्ठित उपाधि राजस्थान के राज्यपाल द्वारा प्रदान की गई, जबकि कार्यक्रम में भारत के माननीय उपराष्ट्रपति की विशिष्ट एवं गरिमामयी उपस्थिति ने इस अवसर को और अधिक ऐतिहासिक बना दिया। समारोह में शिक्षा, प्रशासन, उद्योग एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने इस उपलब्धि को और अधिक महत्व प्रदान किया। डॉ. के. राम, जो कि मणिपुर के पूर्व पुलिस महानिदेशक रह चुके हैं, वर्तमान में विवेकानंद ग्लोबल विश्वविद्यालय के मुख्य संरक्षक तथा वीटीएस राजस्थान के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं दूरगामी योगदान दे रहे हैं। उनके नेतृत्व, अनुभव और दूरदर्शिता ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्ता और समावेशिता को नई दिशा प्रदान की है।

# प्रवासी राजस्थानियों ने किया नाइजीरिया में कवि सम्मेलन

निसं




**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** नाइजीरिया के लागोस में प्रवासी राजस्थानियों द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में सुजानगढ़ के मूल निवासी महाकवि, पद्मश्री स्वर्ण कन्हैयालाल सेठिया की रचनाएं आकर्षण का केंद्र रहीं। कवि सम्मेलन में पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा, शंभू शिखरए गौरव शर्मा सहित अंतर्राष्ट्रीय कवियों ने कविताओं प्रस्तुतिकरण और हास्य रस से समा बांधा। सुजानगढ़ निवासी घनश्याम भाटी ने कवियों के समक्ष पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया की जीवनी के बारे में बताया और उनकी मुख्य रचनाओं के बारे में जानकारी दी। राजस्थानी समाज के अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि राजस्थान के लोगों द्वारा नाइजीरिया में दीपावली स्नेह मिलन, टेलेंट शो, पिकनिक, फाल्गुन त्यौहार के अलावा जरूरतमंदों को सहायता करने जैसे प्रकल्प भी किए जाते हैं। कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि हेड ऑफ चांसरी महेश, इंडियन लैंग्वेज स्कूल के प्रिंसिपल सोनाली गुप्ता, राजकुमार जैन, राजस्थानी समाज के पूर्व अध्यक्ष मनोहर काबरा आदि मौजूद रहे।

# फर्जी दस्तावेज के आधार पर शिक्षण संस्थान मान्यता के मामले में दुबारा जांच के आदेश

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** तारानगर न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट अजयदीप सिंह ने बिना भवन निर्माण व सक्षम विभाग से आवश्यक प्रमाण पत्र प्राप्त किए बगैर फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर शिक्षण संस्थान की मान्यता के मामले में पुलिस को दुबारा जांच के आदेश दिए है। मामले में पुलिस ने एफआर लगा दी थी। एडवोकेट अनिल स्वामी राजपुरा ने बताया कि परिवादी सुशील कुमार शर्मा निवासी वार्ड 27 तारानगर ने उमाशंकर पुत्र राधाकृष्ण शर्मा, भंवरलाल पुत्र मुरलीधर शर्मा, पवनकुमार पुत्र द्वारकाप्रसाद शर्मा व उनकी पत्नी सूरज देवी निवासी तारानगर वार्ड 29 के खिलाफ तारानगर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। जिसमें तारानगर में चंगोई रोड पर सभी लोगों द्वारा फर्जी व कूटरचित दस्तावेज के आधार पर मां सीता देवी शिक्षण संस्थान के नाम से बिना भवन निर्माण एवं सक्षम विभाग से आवश्यक प्रमाण पत्र प्राप्त किए बगैर फर्जी रूप दस्तावेज के आधार पर मान्यता के लिए एनसीटीई में आवेदन किया था। उक्त मामले में पुलिस ने जांच कर एफआर लगा दी। जिसके खिलाफ परिवादी वापस कोर्ट पहुंचा। जिस पर कोर्ट ने परिवादी द्वारा बताए बिंदुओं को शामिल कर फिर से जांच कर अगले तीन माह में रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने के आदेश पुलिस को दिए है।

# बाबा पूर्णमल की कलश यात्रा निकाली



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के नालपुर क्षेत्र में बाबा पूर्णमल मेले के उपलक्ष्य में शनिवार को बिस्सा गांव द्वारा भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल देखने को मिला और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए बाबा पूर्णमल के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। पूरे मार्ग को सजाया गया था तथा जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। इस धार्मिक आयोजन में गांव के गणमान्य एवं समाज के प्रमुख व्यक्ति भी उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम की भव्यता और बढ़ गई। यात्रा के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के भी उचित प्रबंध किए गए थे। बाबा पूर्णमल मेले के इस आयोजन से पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है और आने वाले दिनों के कार्यक्रमों को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह बना हुआ है। नालपुर में बाबा पूर्णमल के पांच दिवसीय मेले का शुभारंभ किया जाएगा। इस दौरान पांच दिन से भक्त अपनी परंपरा के अनुसार धार्मिक कार्यों का निर्वहन करते हैं । इस मौके पर मनोज कुमार, राकेश कुमार, तेजपाल, राजकपूर, किशोरी लाल, सुभाष, महेंद्र, तुलसीराम, मनोज योगी, नितेंद्र, संदीप कुमार, दीपु, विमला देवी, संतरा देवी, संतोष देवी, सुनीता, किरण, सपना, संजू, रामकला सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# भगवान महावीर का ज्ञान कल्याणक आज

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का ज्ञान कल्याणक रविवार को भक्ति भाव से मनाया जाएगा। अभादिजैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा के अनुसार इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किये जायेंगे। अभादिजैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि मंदिरों में प्रात: अभिषेक, शांतिधारा के बाद भगवान महावीर स्वामी की पूजा अर्चना की जाएगी। पूजा के दौरान ज्ञान कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए अर्घ्य चढाया जायेगा । महाआरती के बाद समापन होगा। जैन के मुताबिक आगरा रोड पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, मोती सिंह भोमियो का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज, गोपाल जी का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर कालाडेरा महावीर स्वामी, सांगानेर चित्रकूट कालोनी के श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर, सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर एवं तारों की कूट पर सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन होगें।

# समय पर जांच से कैंसर पर जीत संभव : राधाकृष्णन




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में शनिवार को 23वां कैंसर सर्वाइवर्स डे आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कैंसर विजेताओं का सम्मान करते हुए कहा कि समय पर जांच, तंबाकू से दूरी और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर कैंसर पर विजय संभव है। उन्होंने युवाओं से नशे और जंक फूड से दूर रहने तथा स्वच्छ पानी के उपयोग पर जोर दिया। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर भी उपस्थित रहे। अस्पताल के चेयरमैन नवरतन कोठारी ने सेवाओं की जानकारी दीए वहीं अधिशासी निदेशक मेजर जनरल एस.सी. पारीक ने आधुनिक उपचार और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। समारोह में कैंसर सर्वाइवर्स को सम्मानित किया गया और जागरूकता पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि समय पर पहचान और सही उपचार से कैंसर का सफल इलाज संभव है।

# भामाशाह कंदोई परिवार द्वारा नवनिर्मित आदर्श विद्या मंदिर के भवन का हुआ लोकार्पण

निसं




**तारानगर ( नवयत्न )।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को तारानगर में भामाशाह ओमप्रकाश, निरंजन कुमार व रामनिवास कंदोई की ओर से नवनिर्मित सूरजमल हीरालाल काशीराम कंदोई उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर के भवन का लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुए शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि देश भर में विद्या भारती संस्थान की ओर से संचालित विद्यालय निजी विद्यालयों में सर्वश्रेष्ठ है जो बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर देश का सभ्रांत नागरिक बनाने का काम कर ही है। राज्य सरकार विद्या भारती विद्यालयों से प्रेरणा लेकर उस दिशा में बढ़ने का प्रयास कर रही है। मंत्री दिलावर ने आगे कहा कि वर्तमान समय में सरकारी स्कूलों की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। 3 साल पहले शिक्षा रैंकिंग में राजस्थान देश में 14वें स्थान पर था लेकिन सभी के प्रयास से अब राजस्थान चौथे स्थान पर आ गया है। सरकार का लक्ष्य अब राजस्थान को शिक्षा रैंकिंग में प्रथम स्थान पर लाने का है। मंत्री दिलावर ने कहा कि अबकी बार निजी विद्यालयों की अपेक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में सरकारी विद्यालयों के बच्चे टॉपर रहे हैं जो इस बात का उदाहरण है कि सरकारी स्कूलों में निजी विद्यालयों की अपेक्षा अच्छी पढ़ाई होती है। शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि हमें अपने आसपास के वातावरण को साफ सुथरा रखना होगा, गंदगी नहीं फैलानी है साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने व आने वाले पीढ़ी के लिए जल को भी बचाना है। समारोह के मुख्य वक्ता विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के मंत्री शिवप्रसाद ने कहा कि विद्या भारती का मुख्य उद्देश्य बच्चों को संस्कारित शिक्षा देकर उन्हें देश व समाज का अच्छा नागरिक बनाना है ताकि वह आगे चलकर देश सेवा कर सके। उन्होंने भामाशाह कंदोई परिवार का भवन निर्माण के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने में कंदोई परिवार का बहुत बड़ा योगदान रहा है। समारोह को चूरू विधायक हरलाल सहारण, पदम् भूषण देवेंद्र झाझड़िया, भाजपा युवा नेता पराक्रम राठौड़, भामाशाह ओमप्रकाश कंदोई, भंवरलाल कंदोई, निरंजन कंदोई, निर्मल कंदोई, आरएसएस जिला संघ चालक ओम प्रकाश सैनी, आदर्श शिक्षण संस्थान चूरू के जिलाध्यक्ष मदनलाल प्रजापत ने भी सम्बोधित किया। संचालन विकास चाचाण, पवन शर्मा व दया कंवर ने किया। समारोह में भाजपा नेता राकेश जांगिड़, महावीर पूनिया, जसवंत स्वामी, अनिल सगतानी, भंवरलाल, प्रकाश, सुभाष, प्रमोद, अशोक, श्यामसुंदर कंदोई, किशनलाल शर्मा, प्रभुराम गेहुआं, दयानन्द स्वामी, सुनीता दनेवा सहित अनेक लोग मौजूद थे। समारोह में छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी। समारोह में भामाशाह कंदोई परिवार व आदर्श विद्या मंदिर समिति सदस्यों ने मंत्री दिलावर सहित आए हुए अतिथियों का प्रतीक चिह्न देकर स्वागत किया। वहीं मंत्री दिलावर ने भवन निर्माण करवाने पर भामाशाह कंदोई परिवार का सम्मान किया।

### पण्डरेऊ टिब्बा में ग्रामीणों ने मंत्री दिलावर का किया भव्य स्वागत

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर आदर्श विद्या मंदिर भवन लोकार्पण से पूर्व तारानगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पण्डरेऊ टिब्बा पधारे जहाँ ग्रामीणों ने एडवोकेट रामधन टिटानियाँ के नेतृत्व में माला, साफा व शॉल ओढ़ाकर ढोल नगाड़ो के साथ भव्य स्वागत किया। मंत्री दिलावर ने सुखवासी गाँव में रुककर स्वच्छता व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया एवं साफ सफाई की स्थिति का जायजा लेते हुए संबधित कार्मिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ततपश्चात पंडरेऊ गांव में आयोजित जन सभा में पहुंचे एवं सभा को सम्बोधित किया। सभा को सम्बोधित करते हुए मंत्री दिलावर ने कहा कि हर पंचायत में नियमित ग्राम सभा होगी चाहे प्रशासक हो या ना हो प्रशासक की अनुपस्थिति में उप सरपंच या सीनियर पंच अध्यक्षता कर सकेंगे लेकिन ग्राम सभा हर हाल में करनी होगी। मंत्री दिलावर ने कहा जिस जिस ने भ्रष्टाचार किया है उनको एक एक पैसे का हिसाब चुकाना होगा चाहे वो कोई भी हो। ग्रामीणों की मांग पर मंत्री दिलावर ने गाँव में एक पार्क व ट्यूबवैल बनवाने की घोषणा की। इस मौके पर चूरू विधायक हरलाल सहारण, भाजपा नेता राकेश जांगिड़, पराक्रम सिंह राठौड़, महावीर पूनिया, जसवंत स्वामी, जमरदीन तेली, अनूप खण्डेलवाल, मेघराज मोगा, लीलाधर बागोरिया, रुस्तम अली सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# नेपाल अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष कौशल किशोरकांत अग्रवाल का किया स्वागत

विजेंद्र सिंह लमोरिया



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** नेपाल और भारत के अग्रवाल समाज के बीच आपसी संबंधों को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल झुंझुनू जिले के चिड़ावा में देखने को मिली। नेपाल अग्रवाल महासभा एवं नेपाल हिंदू युवा वाहिनी के अध्यक्ष कौशल किशोरकांत अग्रवाल अपने शेखावाटी दौरे के दौरान चिड़ावा पहुंचे। जहां उनका स्वागत सामाजिक और धार्मिक माहौल में हुआ। इस दौरान उन्होंने पूर्वी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष झंडीप्रसाद हिम्मतरामका से मुलाकात कर समाजहित के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। दोनों नेताओं ने नेपाल और भारत में बसे अग्रवाल समाज के बीच आपसी समन्वय, व्यापारिक सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कौशल किशोरकांत अग्रवाल ने हिम्मतरामका द्वारा संचालित गौशाला में पहुंचकर गौसेवा की और गौमाता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि गाय केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी मानव जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने गौपालन से जुड़े आर्थिक, सामाजिक और स्वास्थ्य लाभों का भी उल्लेख किया। इस मौके पर कौशल किशोरकांत अग्रवाल ने झंडीप्रसाद हिम्मतरामका का नेपाली शॉल और रुद्राक्ष भेंट कर सम्मान किया। वहीं हिम्मतरामका ने भी अतिथियों का दुपट्टा ओढ़ाकर एवं बावलिया बाबा की प्रतिमा भेंट कर अभिनंदन किया। बैठक के दौरान अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपालशरण गर्ग के नेतृत्व में देशभर में हो रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की गई। साथ ही नेपाल में प्रवासी भारतीय अग्रवालों को संगठित करने और दोनों देशों के समाज को एक मंच पर लाने के प्रयासों पर भी चर्चा हुई। दौरे के दौरान कौशल किशोरकांत अग्रवाल ने अपनी पत्नी पदुमावती अग्रवाल के साथ शेखावाटी के लोकदेवता पं. गणेशनारायण बावलिया बाबा के समाधि स्थल पर पहुंचकर दर्शन किए और क्षेत्र की समृद्ध परंपराओं के प्रति आस्था व्यक्त की। गौरतलब है कि कौशल किशोरकांत अग्रवाल नेपाल के प्रमुख उद्योगपतियों में शामिल हैं और सामाजिक संगठनों के माध्यम से नेपाल व भारत के अग्रवाल समाज को जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनका यह दौरा दोनों देशों के बीच सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रिश्तों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कौशल किशोरकांत अग्रवाल, ना केवल नेपाल अग्रवाल महासभा तथा नेपाल हिंदू युवा वाहिनी के अध्यक्ष है। बल्कि लुंबिनी नेपाल के श्वेतांबर जैन समाज तथा महाराष्ट्र सरकार के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय उद्योग नेपाल भारत के नेपाल जोन के अध्यक्ष भी है। पूर्व में वे दिल्ली में अखिल भारतीय युवा वैश्य फैडरेशन के अध्यक्ष और गोरखपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सचिव भी रह चुके है।

# एक शाम आशा भोंसले के नाम स्वरांजलि आयोजित



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सीने जगत की महान पार्श्वगायिका स्व. आशा भोंसले की याद में केशव आदर्श विद्यामंदिर सभागार में सांस्कृतिक संध्या स्वरांजलि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्या रूक्मणी सेक्सरिया थी। अध्यक्षता पूर्व अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कालूराम माहला ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ राजबाला ढाका, एडवोकेट सुरेंद्रसिंह डाबड़ी, डॉ बंसीलाल भूरिया, डॉ रमेश कुमावत, शिवलाल कुमावत आदि थे। अतिथियों और कलाकारों द्वारा स्व. आशा भोंसले की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। राजेंद्र सिंह भाटी ने संस्कार भारती के उद्देश्यों और क्रिया कलापों पर प्रकाश डाला। रवींद्र शेखावत ने जब चली ठंडी हवा, संतोष कुमार ने मेरा दिल प्यार का दीवाना, कौशल कुमारी ने पर्दे में रहने दो, कैलाश सूर्या ने प्यार करने वाले जीते हैं शान से, अनिल चंदेलिया ने चुरा लिया है तुम ने जो दिल को, मनोज शर्मा ने आइए हुजूर, आनंद कुमार ने तोरा मन दर्पन कहलाए, अनु कंवर ने ये रातें ये मौसम, ज्योति शर्मा ने ये गोटेदार लहंगा कपिल सोनी ने तुम्हारी नजरों से हमने देखा, दिव्यम सेन ने इन आंखों की मस्ती में आदि गायन प्रस्तुतियों से समा बांधा। शारीरिक शिक्षक सुनीता बेनीवाल ने झुमका गिरा रे बरेली के बाजार में गीत पर नृत्य की प्रस्तुति देकर तालियां बटोरी। इस अवसर पर आकाश नेहरा, प्रेम प्रकाश सैनी, रितेश कुमार, दक्ष कुमार, शौर्य कुमार, अंकित कुमार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रवीन्द्र सिंह शेखावत सूरजगढ़ ने किया।

# प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में झुंझुनू जिला जुड़ेगा लाइव

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर एक तैयारी बैठक रीको स्थित भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्यकर्ता बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी ने बताया कि रविवार को होने वाले प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में सम्पूर्ण देश में 14 जिले लाईव जुड़ेंगे जिसमें राजस्थान प्रदेश में झुंझुनू जिला चुना गया है।

कुलहरी ने बताया कि कांग्रेस व उनके सहयोगी दलों द्वारा सदन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला आरक्षण बिल को लागू होने से रोकने का जो षड्यंत्रपूर्वक प्रयास किया गया है उसको लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के दौरान देशभर में महिलाओं से संवाद करेंगे उसी के अंतर्गत रीको स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल सभागार में लाईव मन की बात कार्यक्रम में जिलेभर की सैकड़ो महिलाएँ शामिल होंगी। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जिलेभर से महिलाएं सुबह 10 बजे इण्डियन पब्लिक स्कूल पहुंचेंगी। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी ने जिले के सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को देखने-सुनने और फोटो को सरल ऐप पर अपलोड करने को लेकर कार्यकर्ताओं को मंडलवार जिम्मेदारियाँ भी सौंपी। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री वीरपाल सिंह शेखावत, दिलीप सैनी, जिला उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह शेखावत, महावीर सिंह ढाका, सुनील लांबा, जिला मंत्री निखिल शर्मा, शहर मण्डल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा, जिला प्रवक्ता संजय मोरवाल, प्रकोष्ठ संयोजक जयप्रकाश चौधरी, आईटी जिला संयोजक सौरभ सोनी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जयसिंह माँठ, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान, वर्षा सोमरा, हनुमान सिंह, विजेंद्र सिंह, अनिल स्वामी, राजेन्द्र चौधरी, संजय मील, राहुल कुमावत, अनिल नैन, मनोज कालेर, राजकुमार धुँआ, आशीष, संजीव महला सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गौ सेवा कर मनाया जन्मदिन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर के सामाजिक कार्यकर्ता संदीप सैन ने शनिवार को अपने पुत्र कार्तिक सैन का जन्मदिन गौसेवा कर मनाया। संदीप सेन और उसके परिजनों ने कार्तिक के जन्मदिन पर कस्बे के 8 में स्थित गोपाल गौशाला में जाकर गौ माता की पूजा अर्चना कर उनको गुड़ खिलाया व कार्तिक के दीर्घायु व स्वस्थ रहने की ईश्वर से कामना की। इस मौके पर संदीप सैन, सोनम सैन, सोनिया सैन, प्रिया सैन, रामचंद्र आसेरी, निशांत स्वामी, सुरेंद्र स्वामी, सरोज देवी, किशन इंदौरिया आदि लोग मौजूद रहे।

# जानकी नवमी पर 47 जोड़े बने जीवनसाथी




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जानकी नवमी के पावन अवसर पर अम्बाबाड़ी स्थित उच्च माध्यमिक बालिका आदर्श विद्या मंदिर में सेवा भारती समिति के तत्वावधान में 15वां सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह में एक ही मंडप के नीचे 15 विभिन्न समाजों के 47 जोड़े वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ परिणय सूत्र में बंधे, जिनमें 7 अंतर्जातीय विवाह भी शामिल रहे। विवाह से पूर्व मेहंदी, हल्दी और महिला संगीत सहित सभी पारंपरिक रस्में संपन्न करवाई गईं। आयोजन में सभी वधुओं को सेवा भारती समिति की ओर से एक समान जरीदार वेशभूषा उपलब्ध करवाई गई तथा उनका श्रृंगार महिला मेकअप आर्टिस्ट द्वारा किया गया। बारात विद्याधर नगर स्थित महादेव मंदिर से बैंड-बाजों और सेवा भारती की पताकाओं के साथ निकली। दूल्हे घोड़ियों पर सवार होकर मंडप तक पहुंचे, जहां तोरण और वरमाला की रस्में पारंपरिक तरीके से संपन्न हुईं। इसके बाद वैदिक रीति से सात फेरे करवाए गए। सम्मेलन में लगभग 500 कार्यकर्ताओं ने श्रमदान किया, वहीं 5000 से अधिक अतिथियों ने देसी घी से बने भोजन का प्रसाद ग्रहण किया। प्रचार मंत्री ऋतु चतुर्वेदी ने बताया कि नवविवाहित जोड़ों को घरेलू उपयोग की सामग्री जैसे पलंग, पंखा, आलमारी, बर्तन, सिलाई मशीन, कूलर, गैस चूल्हा, प्रेस, घड़ी, साड़ियां, बेडिंग सामग्री, इलेक्ट्रिक केतली, कंबल, कारपेट, धार्मिक पुस्तकें और तुलसी का पौधा उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। साथ ही नथ, पायल, बिछु, और गले के आभूषण भी भेंट किए गए। समारोह में राम रीछपाल दास महाराज त्रिवेणी धाम, वेदांती हरि शंकर दास महाराज सियाराम दास की बगीची और महामंडलेश्वर मनोहरदास महाराज चिंताहरण काले हनुमान मंदिर, मानसरोवर ने वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में महिलाओं की विशेष भागीदारी रही, जिनके समन्वय का श्रेय प्रांत अध्यक्ष सुमन बंसल को दिया गया। मंच संचालन महेंद्र भारती, नवल बगड़िया, गिरधारी लाल शर्मा, प्रताप सिंह राजावत, हरिकिशन गोयल, विष्णुदत्त शर्मा, हनुमान सिंह भाटी और एस.पी. शर्मा ने किया। समारोह में नगर निगम द्वारा नवविवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में प्रांत प्रचारक बाबूलाल, प्रांत संगठन मंत्री द्वारका प्रसाद, सांसद मंजू शर्मा और विधायक बालमुकुंद आचार्य सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# जेजेटी में छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का समापन

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जेजेटी विश्वविद्यालय में 20 से 25 अप्रैल तक आयोजित 6 दिवसीय संकाय संवर्धन कार्यक्रम का समापन धूमधाम से हुआ। इस कार्यक्रम का विषय था कृत्रिम बुद्धिमत्ता के एकीकरण, परिणाम-आधारित शिक्षा एवं शैक्षणिक नवाचार के माध्यम से उच्च शिक्षा का रूपांतरण जिसमें संकाय और शोधार्थियों ने आधुनिक शिक्षा और एआई तकनीकों पर गहन चर्चा की। समापन समारोह में विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ विनोद टीबड़ेवाला ने इस संकाय संवर्धन कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए इसके सफल आयोजन पर सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही विश्वविद्यालय की प्रेसिडेंट डॉ मधु गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को उनके सक्रिय योगदान के लिए धन्यवाद दिया और आधुनिक शिक्षा में नवीन तकनीकों के प्रयोग पर जोर दिया। कुल सचिव डॉ अजीत कुमार ने संकाय सदस्यों को अपने ज्ञान को निरंतर परिष्कृत और नवाचार से जोड़ने की प्रेरणा दी। समापन दिवस पर कार्यक्रम में संकाय सदस्यों और शोधार्थियों ने आउटडोर और इंडोर गतिविधियों के माध्यम से नेतृत्व कौशल का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। अजमेर स्थित राजकीय महाविद्यालय के डॉ अनूप कुमार ने खेल और इंटरैक्टिव एक्टिविटीज के जरिए टीम प्रबंधन, निर्णय क्षमता और सही मार्गदर्शन के गुर सिखाए। उन्होंने दिखाया कि विश्वविद्यालय स्तर पर टीमवर्क और आउटडोर गतिविधियों के माध्यम से शैक्षणिक व प्रशासनिक कार्यों को प्रभावी ढंग से कैसे संपन्न किया जा सकता है। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और कार्यक्रम के दौरान साझा किए गए ज्ञान और कौशल को सराहा। समन्वयक डॉ धर्मेंद्र कौशिक, सह-समन्वयक डॉ नितीश कुमार गौतम तथा छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ अनंता शांडिल्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संकाय संवर्धन कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर डॉ नाजिया हुसैन ने बताया कि भविष्य में विश्वविद्यालय इस प्रकार के कार्यक्रम करवाता रहेगा। इस छह दिवसीय संकाय संवर्धन कार्यक्रम में कुल 110 संकाय सदस्य और शोधार्थी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से जुड़े और अपने ज्ञान का संवर्धन किया। मुख्य वित्त अधिकारी डॉ अमन गुप्ता, डॉ इकराम कुरैशी, डॉ अनिल कड़वासरा, डॉ शिव कुमार, डॉ रामप्रताप सैनी, डॉ विजयमाला, डॉ सविता सांगवान, डॉ सपना, डॉ विनीता, डॉ कंचन, डॉ संजय, डॉ हरीश, डॉ कपिल जानू, डॉ धनेश कुमार सहित अन्य संकाय सदस्य भी समारोह में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. आरती पवार और डॉ. ज्योति सोनी ने किया।

## सम्पादकीय

# आप को बड़ा झटका

पंजाब में विधानसभा चुनाव से सिर्फ दस महीने पहले, राज्यसभा के सात सांसदों द्वारा आम आदमी पार्टी का साथ छोड़ने से पार्टी का संकट गहराता नजर आ रहा है। बगावती तेवरों वाले तीन राज्यसभा सदस्यों राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने पार्टी में विभाजन की घोषणा करते हुए कहा है कि उच्च सदन में आप के दो-तिहाई सांसद यानी दस में सात सदस्यों ने एक गुट के रूप में भारतीय जनता पार्टी में विलय करने का निर्णय कर लिया है। हाल के महीनों में खासे मुखर रहने वाले राघव चड्ढा को राज्यसभा में आप के उपनेता पद से हटाये जाने के बाद उनके द्वारा शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोलने के बाद तो विभाजन के संकेत मिलने शुरू हो गए थे। विडंबना यह है कि राज्यसभा में राघव चड्ढा के स्थान पर आप के उप नेता की जगह लेने वाले अशोक मित्तल ने भी उनका ही साथ दिया है। इसमें दो राय नहीं कि बीते साल दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के हाथों मिली करारी हार के बाद आम आदमी पार्टी के लिये यह सबसे बड़ा झटका माना जा रहा है। एक समय था कि राघव चड्ढा को आम आदमी पार्टी में नई पीढ़ी का ऊर्जावान प्रतीक चेहरा माना जाता रहा है। अब वे ही आप नेतृत्व पर पार्टी के मूलभूत आदर्शों से पीछे हटने का आरोप लगा रहे हैं। राघव व पार्टी के अन्य बागी सांसदों ने आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी जनसरोकारों को प्राथमिकता देने के बजाय निजी लाभ को तरजीह दे रही है। उनके निशाने पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ही हैं। जिन्हें पंजाब में मान सरकार की बागडोर दिल्ली से संचालित करने वाला माना जाता रहा है। जैसा कि आपेक्षित था, आबकारी नीति मामले में मुश्किल में फंसे और अदालती लड़ाई लड़ रहे केजरीवाल ने इन सांसदों पर विश्वास तोड़ने और पंजाब की जनता से छल करने का आरोप लगाया है। केजरीवाल ने आप से अलग होने वाले सांसदों पर पंजाब के लोगों के साथ विश्वासघात करने वाला बताया है। वहीं दूसरी ओर भाजपा भी केजरीवाल के निशाने पर है, जिस पर उन्होंने सुनियोजित साजिश करके आम आदमी पार्टी को कमजोर करने का आरोप लगाया है। वास्तव में भाजपा सीमावर्ती राज्य पंजाब में विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी जड़ें मजबूत करने की कवायद में जुटी है। इसी कड़ी में भगवा पार्टी ने हाल के वर्षों में पंजाब के कई कांग्रेसी नेताओं को अपने पाले में करने में कामयाबी पायी है। निश्चित रूप से राज्य सभा में आप के दो तिहाई सांसदों का टूटकर भाजपा में मिलना आम आदमी पार्टी के लिये बड़ी चुनौती है। जिसके चलते पंजाब में अपनी खोई जमीन पाने के लिये पार्टी को एकजुट करके आगे बढ़ने की बड़ी चुनौती सामने खड़ी है। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि आप के कुछ और नेता आगामी दिनों में भाजपा का दामन थाम लें। लेकिन यहां सवाल आप सुप्रीमो पर उठ रहे हैं कि क्या उन्होंने इन नेताओं को राज्यसभा का टिकट देते वक्त पार्टी की रीति-नीतियों की कसौटी पर परखा था या फिर पार्टी की आर्थिक प्राथमिकताओं को ही उनकी योग्यता मान लिया गया था। जाहिर है ये लोग सार्वजनिक जीवन में बहुत चर्चित चेहरे होने के बजाय आर्थिक रूप से समृद्ध लोग रहे हैं। जब चयन में आर्थिक प्राथमिकताएं होती हैं तो चयनित सदस्यों के निर्णय में भी लाभ-हानि का गणित ही प्रभावी रहता है। यहां सवाल कुछ सासंदों के कारोबारी छिद्रों पर सरकारी एजेंसियों का दबाव का भी है, जिन पर पिछले दिनों कार्रवाई भी हुई थी। अनुमान लगाये जा रहे हैं कि शायद इस कार्रवाई के बाद विभिन्न कारोबार से जुड़े अन्य सांसद भी दबाव में आ गए। उन्होंने केंद्र में सत्तारूढ़ राजग की धुलाई मशीन से गुजरना ज्यादा सुरक्षित महसूस किया। बहरहाल, इस घटनाक्रम ने अन्य राज्यों में विपक्षी दलों के लिये भी खतरे की घंटी बजा दी है।

## विशेष आलेख

# मुक्त प्रवाह में खलल के बीच मछुआरे की सुध



पश्चिम वैश्विक प्रवाह में व्यवधान की असल कीमत व्यवस्था एवं ज़िंदगियां चुका रही हैं। होर्मुज में नाकाबंदी का असर आपूर्ति शृंखला में व्यवधान के चलते ऊर्जा (पैट्रोल) व खाद्यान्न की कीमतों पर हो रहा है। जिसका असर महंगाई के रूप में आमजन के जीवन पर ही पड़ेगा। एक ऐसी साझी वैश्विक स्वचालित रूपरेखा की जरूरत है जिसके आवाजाही का सतत बने रहना जरूरी है।

वैश्विक प्रवाह यानी मुक्त आवाजाही में व्यवधान पड़ता है, तो इसका असर नाकाबंदी वाले बिंदु या क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता। दूर तक फैलता है। तेल से लेकर भोजन और रोज़ी-रोटी तक, इसकी कीमत व्यवधान वाली जगह से सुदूर क्षेत्रों को भी सहनी पड़ती है। जिस आवाजाही का सतत बने रहना जरूरी है उसके लिए हर बार वार्ता करने की जरूरत क्यों पड़े। यह सततता नियमबद्ध हो न कि अपवादवश पुनः खोलना।

जब 'प्रवाह के नियम' की व्याख्या पहली बार द ट्रिब्यून में की गई, तो यह विचार बतौर सिद्धांत नहीं आया था। यह एक गैर-रूढ़िवादी किंतु सहजबोध से उत्पन्न धारणा थी, क्योंकि मछुआरा हर जगह मौजूद है, हर क्षेत्र में जहां जीवन-निर्वाह मुक्त आवाजाही पर निर्भर है। जहां सततता रही वहां स्थिरता कायम है, जहां इसमें बाधा बनी, व्यवस्था पर दबाव पड़ा। जब मुक्त प्रवाह में खलल पड़े तो ताकतवर में तकरार होता है, वहां भुगतना कमजोरों को पड़ता है। कीमत मछुआरे को चुकानी पड़ती है। फिर, होर्मुज़ स्ट्रेट में, दुनिया ने उस कोताही की कीमत भुगती, जब आवाजाही नियमों की रूपरेखा तय करने से मुंह चुराया। व्यवधान पुनः बना, त्वरित परिणाम भी। बाज़ार में वस्तुओं की कमी हो गई। बीमा कंपनियां हिचकिचाने लगीं। आपूर्ति शृंखला लड़खड़ा गई। कुछ ही दिनों में, राष्ट्र जुटे, संधि या गठबंधन के तहत नहीं, बल्कि निर्भरता वश। यूके-फ्रांस की अगुवाई में एक प्रयास होने लगा, बतौर एक युद्धकालीन गठबंधन नहीं बल्कि जल परिवहन सुचारू रखने हेतु सुरक्षात्मक प्रबंधन के रूप में। सुरक्षा प्रदाता पोत साथ भेजने की बात चली। अपने नौसैन्य जहाज और सैनिक तैनात करने की पेशकश हुई। उद्देश्य था यह सुनिश्चित करना कि जल मार्गों में मुक्त आवाजाही बनी रहे।

होर्मुज़ गठजोड़ कोई गठबंधन नहीं। स्वीकारोक्ति है। प्रवाह के नियम सीएलओसीस (सी लाइन्स ऑफ कम्युनिकेशन) का विकल्प नहीं। खंडित दुनिया में, जो मार्ग मुक्त रहना चाहिए हर बार खतरा आने पर उसको खुलवाने को समझौता वार्ता की नौबत क्यों बने? आवाजाही खुद अक्षुण्ण रहे। लेकिन उस दिन कुछ और हुआ। इस्लामाबाद में इस मुद्दे पर एक बैठक हुई थी। दोनों पक्ष वार्ता मेज पर आए। अपनी-अपनी स्थिति बताई व अड़े रहे। लेकिन कोई हल नहीं निकला। दुनिया ने वार्ता होते देखी पर उससे नई संरचना जन्म लेते नहीं। मौके को मिसाल में बदलना हाथ से निकल गया। यह सही होने की बात नहीं है। बल्कि इस बारे कि सही होने से क्या पता चलता है और क्या दायित्व उत्पन्न होते हैं। वही कुछ इस पल का अनुग्रह है। जो हुआ वह नियमों की रूपरेखा बनना नहीं था। यह दबाव में आकर बनाई एक कामचलाऊ व्यवस्था थी। फ्रांस और ब्रिटेन ने इक्यावन देशों को इसलिए इकट्ठा नहीं किया कि सिद्धांत ने यह करवाया बल्कि इसलिए कि कोताही की फौरी कीमत चुकानी पड़ रही है और नज़रअंदाज़ करना नामुमकिन हो गया। वे संरक्षक ज़रूरत के चलते बने हैं। यह फ़र्क मायने रखता है। इस दिशा में प्रवाह का नियम सही साबित हुआ। लेकिन सिद्धांत और संरचना के बीच अंतर खतरनाक रूप से कायम है। इंसान जो कीमत चुका रहा = इससे पहले कि हम जलडमरूओं और शीर्ष समझौता वार्ताओं पर फिर आएं, उनके बारे में सोचें कि जिन्हें व्यवधान की कीमत चुकानी पड़ती है। न रणनीतिकारों को, न मंत्रियों को, तेल के व्यापारियों को भी नहीं, यह तो केरल के किसी मछुआरे को सहनी पड़ रही है, जिसके लिए डीज़ल का दाम दोगुना हो गया। साहेल का वह किसान जिसकी खाद नहीं पहुंची। वियतनाम का कोई कारखाना मालिक जिसका निर्यात आर्डर जहाजरानी रूट बदल जाने पर खारिज हो गया। काहिरा का परिवार जो गेहूं की आवक में कमी से रोटी के बढ़े दाम देने पड़ रहे।

यह दुनिया में बार-बार दस्तक देने वाली सच्चाई है, जो प्रवाह सुचारु रहने पर निर्भर है, क्योंकि इसको सुरक्षित रखने के वास्ते नियमों की रूपरेखा नहीं बनाई गई। कोविड-19 को किसी पासपोर्ट की दरकार नहीं थी। यह उन्हीं राहों से फैला जिनसे सामान, पूंजी और लोग आवाजाही करते हैं। जब प्रवाह रुका, तो सबसे कम बचत वालों को सबसे पहले और ज़्यादा भुगतना पड़ा यानि दिहाड़ी मज़दूर, प्रवासी श्रमिक। व्यवधान उनका बनाया नहीं था। फिर भी भुगतना उन्हें ही पड़ा।

युद्ध का असर अब वहीं तक सीमित नहीं रहता जहां यह चल रहा होता है। यह आपूर्ति शृंखला में दाखिल हो जाता है। एक इलाके की जंग दूसरे इलाके के अन्न भंडार खाली करवा देती है। एक बंदरगाह पर हुए हमले से समूचे महासागरीय क्षेत्र में दाम बढ़ जाते हैं। आज युद्ध एक योजनाबद्ध व्यवधान है।

नाकेबंदी अपना फायदे खुलेआम घोषित नहीं करती। होर्मुज़ जलडमरू बंद होने के कुछ हफ्तों में ही, तेल का दाम बढ़कर सौ डॉलर प्रति बैरल होने का बोझ हरेक पैट्रोल पंप, हर ट्रांसपोर्ट लाइन , ढुलाई की जाने वाली हर चीज की कीमत पर पड़ा। केरल के मछुआरे ने इसके लिए वोट नहीं दिया था, फिर भी इसकी कीमत चुका रहा है। कोविड-जलवायु परिवर्तन-युद्ध-नाकाबंदी, इसका उदगम स्थल भिन्न, प्रभाव इनका एक जैसा। शुरुआत कुछ लोगों के फैसलों से होती है और हश्र करोड़ों-अरबों लोगों को प्रभावित करता है। हरेक की शुरुआत खबरों की सुर्खियों के रूप में होती है और परिणति घर खर्च पर पड़े बोझ के रूप में। हरेक रणनीति कमरे से शुरू होकर रसोई, खेत और कारखानों पर मार करती है। आम आदमी होर्मुज़ जलडमरू में नहीं रहता। वह यहां से निकलने वाले जलमार्ग के किसी छोर पर रहता है, उन कमरों में बैठकर लिए फैसलों के छोर पर जिनमें घुसने की उसे इज़ाजत नहीं, वह जिस व्यवस्था पर निर्भर है उसपर उसका वश नहीं। इसी वजह से प्रवाह का नियम रणनीतिक अंतर्दृष्टि बनकर नहीं रह सकता। इसमें सामाजिक सरोकार होना जरूरी है। जब प्रवाह में व्यवधान पड़ता है तो पहला नुकसान हमेशा उन लोगों का होता है, झटका झेलने की जिनकी सामर्थ्य सबसे कम होती है।

होर्मुज़ प्रत्यक्ष दिखाई देता है। तेल की एक कीमत होती है। टैंकर ट्रैक किये जा सकते हैं। व्यवधान अपनी घोषणा खुद करता है। अगला संकट शायद न करे। एक कटा हुआ डेटा केबल किसी काम का नहीं। सेमीकंडक्टर की कमी चुपचाप बढ़ती है। एक खाद्यान्न मार्ग धीरे-धीरे बंद होता जाता है जबतक कि फिर से न खुले। होर्मुज़ के लिए 51 देश समय रहते एकजुट हुए। हो सकता है अगली बार, नाकाबंदी का बिंदु शायद इंतज़ार न करे।

जब प्रवाह फिर से रुक जाए: सिद्धांत और व्यवधान तले एक सरल सच दबा होता है। प्रत्येक व्यवस्था जो हमने बनाई है, संयुक्त राष्ट्र, लॉ ऑफ़ द सी, जलवायु संधि, व्यापार तंत्र, सब इस एक साझी धारणा पर टिके हैं= कि निरंतरता में इंसानियत का साझा हिस्सा है। इस धारणा को अनेक नाम दे रखे हैं। बहुआयामी व्यवस्था,नियमाधारित तंत्र, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग आदि। लेकिन इसका सबसे पुराना और ईमानदार नाम बस यही है= वैश्विक साझेदारी। फिर भी हम बर्ताव करते हैं मानो व्यवस्था को टुकड़ों में बांटकर सुरक्षित रख सकते हैं। हम अलग-अलग हिस्सों में समझौता करते हैं जबकि व्यवधान आसानी से उनके बीच विचरता है। संप्रभुता की भाषा सीमित रहती है। ज़िंदा रहने की सच्चाई अब सीमित नहीं रही।

युद्ध दर्शाता है कि अस्थिरता विस्तार लेती है। होर्मुज़ हमें याद दिलाता है कि जिस जलडमरू को शायद हम कभी न देख पाएं, वह उस रोटी की कीमत तय कर रहा है, जो हमें बारम्बार खरीदनी पड़ती है। प्रवाह का सिद्धांत शक्ति का सिद्धांत नहीं। यह एक-दूसरे पर निर्भरता स्वीकार करना है। निरंतरता के संरक्षक शक्ति के प्रहरी न होकर जन सेवक हैं। अब जबकि ब्रिटेन और फ्रांस होर्मुज़ को निरापद करने के लिए दुनिया को लामबंद कर रहे हैं, बदलाव साफ दिखाई दे रहा है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। किसी व्यावसायिक काम के लिये यात्रा पर जा सकते हैं। विद्यार्थी अपना समय अध्ययन में लगायेंगे। आप चुस्त-दुरुस्त बने रहेंगे। आपको भाग्य का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।

### वृष
खुद को ज्यादा आशावादी बनने के लिए प्रेरित करें। इससे न सिर्फ़ आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और व्यवहार लचीला होगा, बल्कि डर, ईर्ष्या और नफरत जैसे नकारात्मक मनोभावों में भी कमी आएगी। आप अच्छा पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप पारंपरिक तौर पर निवेश करें।

### मिथुन
अपनी खुशियों को दूसरों के साथ साझा करना आपकी सेहत को भी बेहतर करेगा। लेकिन ख़याल रखें कि इसे नजरअंदाज़ करना बाद में भारी पड़ सकता है। शाम के समय सामाजिक गतिविधियां उससे कई बेहतर रहेंगी, जितनी आपने उम्मीद की थी।

### कर्क
आपकी लगन और मेहनत पर लोग ग़ौर करेंगे और आज इसके चलते आपको कुछ वित्तीय लाभ मिल सकता है। दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ शाम के आयोजन में शिरकत करें। पार्टनर की भावनाओं को समझेंगे तो आपका रिश्ता और भी अधिक मजबूत होगा।

### सिंह
पैसे से जुड़ा कोई भी फैसला करने से पहले एक बार फिर सोच लें ताकि हालात संभले रहें। आज नया वाहन और नया घर खरीद सकते है। आपको अपने परिवार का भरपूर साथ मिलेगा। वैवाहिक जीवन में मुद्दों को सुलझाने की दिशा में काम करने में समझदारी हो सकती है।

### कन्या
आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा आपको करियर में तरक्की मिलेगी और परिवार में खुशियां आएंगी। आपको गुस्सा करने से बचना होगा और खासकर किसी ऐसी बात से बचना होगा जो किसी का दिल दुखाए। आस्था और विश्वास से काम पूरे होंगे।

### तुला
दिन की शुरूआत अच्छी रहेगी। जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। थोड़ी सी तकलीफों पर अगर ध्यान न दे तो यह दिन आपके लिए शुभ होगा। आज भाग्य पूरी तरह से आपका साथ देगा। पुराने दोस्तों से मुलाकात होने की भी संभावना है। कार्यक्षेत्र में काम का बोझ बना रहेगा।

### वृश्चिक
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बिजनेस में कुछ नया करने की कोशिश करेंगे। इसमें आप सफल भी होंगे। आपको मनचाहा परिणाम मिलेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य उत्तम रहेगा। आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी।

### धनु
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आप व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम कर सकते हैं। खाने की चीज के प्रति आपका अधिक लगाव हो सकता है। आपके घर-परिवार का वातावरण शांतिदायक रहेगा। आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे। दूसरों के साथ खुशी बांटने से सेहत और खिलेगी।

### मकर
आज रुके कार्यों को गति मिलेगी। कार्यक्षेत्र में काम का बोझ बना रहेगा। पार्टनर की भावनाओं को समझेंगे तो आपका रिश्ता और भी अधिक मजबूत होगा, आपको अपनी किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। विद्यार्थियों को करियर से जुड़ा कोई अहम फैसला लेना पड़ सकता है।

### कुंभ
आज आपकी पारिवारिक उलझनें बढ़ सकती हैं। अत्यधिक क्रोध से आपका कोई बना हुआ कार्य बिगड़ सकता है। आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। आपके दाम्पत्य जीवन में नई चेतना का संचार हो सकता है। आज रुके कार्यों को गति मिलेगी।

### मीन
मजबूती और निडरता का गुण आपकी मानसिक क्षमताओं में इजाफा करेगा। किसी भी तरह के हालात को काबू में रखने के लिए इस रफ़्तार को बरकरार रखिए। बैंक से जुड़े लेन-देन में काफी सावधानी बरतने की जरूरत है। सेहत के मामले में आप फिट रहेंगे।

## स्वास्थ्य समाचार

# क्या बच्चों के लिए सुरक्षित होता है मखाना?

मखाना बच्चों के लिए बहुत ही हेल्दी माना जाता है। इसके सेवन से बच्चों को भरपूर रूप से पोषण मिलता है। बढ़ते बच्चों के बेहतर विकास के लिए आप उन्हें नियमित रूप से मखाना दे सकते हैं। इससे उनके शरीर को भरपूर रूप से कैल्शियम प्राप्त होता है। साथ ही मांसपेशियों का विकास भी अच्छे से होता है, लेकिन ध्यान रखें कि बच्चों को अधिक मात्रा में मखाना न दें। अधिक मात्रा में बच्चों को मखाना देने से उनके शरीर को नुकसान भी पहुंच सकता है।



### मखाना से बच्चों को होने वाले नुकसान

मखाना बच्चों के लिए फायदेमंद होता है। हालांकि, अधिक मात्रा में इसका सेवन करने से आपके बच्चों को नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए सीमित मात्रा में बच्चों को मखाना दें।

### क्या बच्चों के लिए मखाना सुरक्षित है

मखाना बच्चों के लिए सुरक्षित होता है। इस आप अपने बच्चों को कई तरह से दे सकते हैं। अधिकतर पेरेंट्स बच्चों को मखाना रोस्ट करके देते हैं। इसके अलावा अगर आपके बच्चे का दांत सही तरीके से नहीं आया है, तो इस स्थिति में आप उन्हें मखाना खीर के रूप में भी दे सकते हैं। इसके अलावा मखाना कई अन्य तरीकों से भी दिया जा सकता है। हालांकि, ध्यान रखें कि बच्चों को अधिक मात्रा में मखाना न दें। दरअसल, मखाना फाइबर की अधिकता होती है, जिसकी वजह से बच्चों को कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं।

### क्या मखाना खाने से बच्चों को हो सकती है गैस की समस्या?

एक्सपर्ट का कहना है कि सीमित मात्रा में मखाना खाने से बच्चों को गैस की परेशानी नहीं होती है। हालांकि, अगर आप उन्हें काफी ज्यादा मखाना खिलाते हैं, तो इससे उन्हें गैस, अपच जैसी परेशानी हो सकती है। दरअसल, मखाना फाइबर से भरपूर होता है, ऐसे में बच्चों को अधिक मात्रा में मखाना देने से उनका पाचन बिगड़ सकता है।



### क्या मखाना खाने से बच्चों को वजन बढ़ता है?

बच्चों को नियमित रूप से मखाना देने से बच्चों का हेल्दी वेट गेन हो सकता है। साथ ही उनकी इम्यून पावर भी बूस्ट हो सकती है। 6 माह से ऊपर के बच्चों को नियमित रूप से मखाना रोस्ट करके दिया जा सकता है। हालांकि, ध्यान रखें कि बच्चों को सीमित मात्रा में ही मखाना दें।

### क्या मखाना शरीर को गर्म करता है?

मखाना की तासीर गर्म होती है। ऐसे में अगर आप अपने बच्चों को अधिक मात्रा में मखाना खिलाते हैं, तो उन्हें यह गर्म कर सकता है। इसलिए कोशिश करें कि 1 दिन में 10 से 20 मखाना ही बच्चों को दें।

# बच्चों को एक्टिव रखने के लिए माता-पिता अपनाएं यह तरीके, दिनभर नहीं करेंगे तंग

आज के समय में बच्चों का एक्टिव और ऊर्जावान होना बेहद जरूरी है। इससे उनके विकास पर भी असर पड़ता है। वहीं अगर बच्चे सुस्ती महसूस करते हैं तो इसका असर उनकी ग्रोथ पर भी पड़ सकता है। ऐसे में माता-पिता की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को एक्टिव रखने के लिए कुछ तरीकों की मदद लें। बता दें कि बच्चों की दिनचर्या में थोड़ा सा बदलाव करके उन्हें एक्टिव रखा जा सकता है।



### सीढ़ियां चढ़ने के लिए बोलें

बच्चों को एक्टिव रखने का सबसे अच्छा तरीका है उन्हें सीढ़ी चढ़ने के लिए कहें। इससे ना केवल बच्चे एक्टिव फील करेंगे बल्कि उनकी सुस्ती भी भाग जाएगी। ऐसे में आप बच्चे को किसी काम के लिए कह सकते हैं। या आप खुद भी उनके साथ इस एक्टिविटी को अपना सकते हैं। ऐसा करने से आप भी खुद को एक्टिव महसूस करेंगे और बच्चे आपको देख-दखकर आगे बढ़ेंगे।

### डिनर के बाद जाएं बाहर

आज के समय में माता-पिता डिनर के बाद टेलीविजन देखने बैठ जाते हैं। ऐसे में उन्हें देखा-देख बच्चे भी यही पैटर्न अपनाना शुरू कर देते हैं। ऐसे में सबसे पहले माता-पिता को अपनी आदत बदलनी होगी। उसके बाद ही वे अपने बच्चों की आदत बदल पाएंगे। खाना खाने के बाद घूमने जाएं, जिससे ना केवल बच्चों में अच्छी आदत पैदा होगी बल्कि उनकी सुस्ती भी दूर हो जाएगी।

### स्कूल से घर कर जाएं पैदल

अगर बच्चों का स्कूल पास है तो किसी व्हीकल लेने की बजाय उसे पैदल छोड़ने जाएं। इससे भी उसके अंदर ऊर्जा का संचार होगा और वो पैदल चलन के लिए प्रेरित होगा। बता दें कि पैदल चलने से ना केवल बच्चे की शारीरिक गतिविधि का विकास होगा ब्लकि वे एक्टिव भी रहेंगे। इससे अलग यदि आप बच्चे के साथ मार्केट जा रहे हो तो ऐसे में खुद भी पैदल जाने की कोशिश करें।

### बच्चों की लें घर के कामों में मदद

अगर माता-पिता बच्चों की मदद घर के काम में लेंगे तो इससे ना केवल उन्हें एक्टिव रहने में मदद मिलेगी बल्कि घर के कामों में बच्चों की भागीदारी भी बढ़ेगी। ऐसे में माता-पिता बच्चों से बर्तन धुलवा सकते हैं या कार साफ करने के लिए कह सकते हैं।

### डांसिंग क्लास में हिस्सेदारी

बच्चे को एक्टिव बनाने के लिए डांस क्लास आपके बेहद काम आ सकती है। कई शारीरिक गतिविधियां इसमें शामिल होती हैं, जिससे बच्चे की ना केवल एक्सरसाइज हो जाती है बल्कि वो एक्टिव भी महसूस कर सकता है। इससे अलग डांस क्लास के अलावा माता-पिता बच्चों को साइकिल के लिए भेज सकते हैं या उनसे रनिंग के लिए भी बोल सकते हैं। इससे वे एक्टिव रहने के लिए प्रेरित होंगे।



# बाजू और छाती का वजन बढ़ाने के लिए अपनाएं यह उपाय

कुछ लोगों के पेट, पैरों और फेस पर तो अच्छी चर्बी होती है, लेकिन इनकी तुलना में हाथ और छाती काफी कमजोर और पतले नजर आते हैं। ऐसे में अकसर लोग सप्लीमेंट लेना शुरू कर देते हैं, लेकिन इससे हाथ और छाती का नहीं, बल्कि पूरे शरीर का ही वजन बढ़ने लगता है। अगर आप सिर्फ अपने हाथों और छाती को मजबूत बनाना चाहते हैं या फिर इनकी मसल्स गेन करना चाहते हैं, तो कुछ उपाय आजमा सकते हैं। इससे आपकी मसल्स स्ट्रॉन्ग बनेंगी और आपकी बॉडी एक जैसी नजर आएगी।

### पुशअप्स करें

- पुशअप्श एक्सरसाइज से आप अपने बाजू और छाती का वजन बढ़ा सकते हैं।
- इसे करने के लिए आप पेट के बल लेट जाएं।
- पैरों और कमर को बिल्कुल सीधा रखें।
- अब अपने हथेलियों को कंधों के समान रखें।
- इसके बाद हाथों पर वजन डालते हुए सिर से लेकर एड़ी तक शरीर को ऊपर उठाएं।
- फिर शरीर को नीचे लेकर जाएं और ऊपर उठाएं।
- पुशअप्स लगाते समय कोर को टाइट रखें।
- आप इस तरह से 15-20 रेप्स लगा सकते हैं।
- रेगुलर पुशअप्स लगाने से वजन बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

### डिक्लाइन बेंच प्रेस

- डिक्लाइन बेंच प्रेस एक्सरसाइज करने से आपको अपने बाजू और सीने का वजन बढ़ाने में मदद मिल सकती है। इस एक्सरसाइज को आप आसानी से घर पर भी कर सकते हैं।

# श्री विनायक नाश्ता पैलेस का शुभारम्भ



निसं

**सिंघाना (नवयत्न)।** नगरपालिका सिंघाना के नारनौल रोड भोदन पुल के पास स्थित श्री विनायक नाश्ता पैलेस का भव्य उद्घाटन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रतिष्ठान का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि सहयोग एक पहल संस्थान के अध्यक्ष डी पी सैनी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रख्यात शिक्षाविद कृष्ण यादव एवं राकेश गुर्जरवास उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे जिनमें तूफान मीणा, बबली, रामप्रसाद, राकेश सैनी, दिनेश, कपिल डांगी, सुरेश मास्टर, महेश सैनी, श्याम सुंदर, बंशीधर, मनजीत, नरेश, कृष्ण कुमार, छोटू, बृजमोहन, अनिल यादव, लीलाधर, राजू गराटी, ओमप्रकाश सैनी, डॉ सुरेंद्र और जितेन्द्र सैनी सहित कई लोग शामिल हुए। सभी उपस्थित जनों ने संचालक को नए प्रतिष्ठान के लिए बधाई दी।

### शुद्ध देशी खान-पान का नया केंद्र

संचालक पिंटू सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि नाश्ता पैलेस में ग्राहकों के स्वास्थ्य और स्वाद का विशेष ध्यान रखा जाएगा। यहाँ मुख्य रूप से शुद्ध देशी घी से निर्मित आलू, पनीर और मिक्स वेज परांठे उपलब्ध रहेंगे। साथ ही राजस्थान का पारंपरिक स्वाद जैसे घाट की राबड़ी, ठंडी लस्सी, कैरी का पानी और जल-जीरा भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। राकेश सैनी ने बताया कि यहाँ मिलने वाली सिलबट्टे की लहसुन व हरी चटनी लोगों को घर जैसा अहसास कराएगी। उद्घाटन के अवसर पर अतिथियों और आगंतुकों ने जलपान ग्रहण कर व्यंजनों की गुणवत्ता की सराहना की।

# 14 सूत्री मांगपत्र सौंपा



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** सीकर जिला स्मॉल स्केल इंडस्ट्रियल एंप्लाइज एंड लेबर यूनियन सीटू शाखा अजीतगढ़ द्वारा एक आम सभा एग्री बायोटेक फैक्ट्री में गेट नंबर एक पर आयोजित की गई जिसमें सैकड़ो मजदूर साथियों ने भाग लिया। इस मीटिंग की अध्यक्षता सीटू यूनियन के अध्यक्ष का. सुभाष गुर्जर द्वारा की गई। मीटिंग में कार्यवाहक सचिव कमल कुमावत ने 2026-27 के 14 सूत्रीय मांग पत्र को सभी मजदूर साथियों के समक्ष रखा। सीटू यूनियन के संगठन मंत्री मुकेश कुमार रेगर ने सभी साथियों को मांग पत्र पढ़ कर सुनाया एवं सभी साथियों ने हाथ खड़ा करके मांग पत्र पर सहमति जताई। आज फैक्ट्री में हमारी यूनियन के बारे में जो अफवाहें और दुष्प्रचार किया जा रहा है उसे पर अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने सभी साथियों को विस्तार पूर्वक बताया अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने बताया कि हमारी यूनियन सीटू राज्य कमेटी द्वारा गठित है उन्होंने इस संदर्भ में दिनांक 16-05-2023 को श्रम मंत्री की अध्यक्षता में राजस्थान श्रम सलाहकार मंडल की एक मीटिंग अंतर यूनियन विवाद के बारे में की गई जिसमें साफ साफलिखा गया की केंद्रीय श्रम संगठन की प्रदेश इकाई द्वारा मान्य कार्यकारणी को ही मान्य समझ जाएगा। आज सभी साथियों ने मिलकर कंपनी प्रबंधक के नाम से एच आर मैनेजर को 14 सूत्रीय मांग पत्र दिया। जिसमें सभी मजदूरों के वेतन में 20 प्रतिशत की वर्दी की जाए, जूते-ड्रेस-स्वेटर दिए जाए, एसी एल एंड पिल साप्ताहिक अवकाश की छुटिया बढ़ाई जाए, कंपनी में एंबुलेंस एवं कम्पाउन्ड की व्यवस्था हो और भी मजदूरों की मांगे है। मीटिंग में उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, कैलाश यादव, लोकेश कुमार, रामनिवास गुर्जर, भोमराज, सायर सिंह, राजेंद्र रैगर, नरेंद्र सिंह, राकेश शर्मा, अरविंद सिंह, आशाराम गुर्जर, शंकर मीणा, संदीप जांगिड़, शिंभू दयाल, करण सिंह, मनोज कुमार, वीरेंद्र सिंह, अवधेश कुमार, आशुतोष दहिया, महेंद्र कुमार, हनुमान गुर्जर, विक्रम योगी, सागर कुमावत, संतोष प्रजापत, रामसिंह शेखावत, मनोज सिंह, घनश्याम रैगर, भवानी सिंह आदि सैकड़ों साथियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# सोलर प्लांट के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला गिरफ्तार



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** पुलिस थाना बस्सी ने सोलर प्लांट लगाने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी राहुल शर्मा उर्फ शंकर 35 पिछले करीब तीन वर्षों से फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि 1 जून 2023 को ज्ञान विहार महाविद्यालय के निदेशक शिव कुमार पंचौली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने अपनी संस्था में सोलर प्लांट लगाने के लिए धूप ऊर्जा कंपनी के संचालक राहुल शर्मा से 5 लाख रुपए का अनुबंध किया था। आरोपी ने एडवांस के रूप में 4 लाख रुपए ऑनलाइन ले लिए, लेकिन तय समय सीमा 20 जून 2023 तक न तो प्लांट लगाया और न ही राशि लौटाई। इसी क्रम में थानाधिकारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी सहायता, सीडीआर विश्लेषण और लोकेशन ट्रेसिंग के आधार पर आरोपी को अलवर से दबोच लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने वर्ष 2022 में 8 से 10 स्थानों पर सोलर प्लांट लगाने के नाम पर एग्रीमेंट कर लोगों से लाखों रुपए की अग्रिम राशि ठगी थी। आरोपी के खिलाफजयपुर के आदर्श नगर, मालवीय नगर और बस्सी थानों में भी मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह जयपुर छोड़कर जोधपुर में छिपकर रह रहा था। आरोपी मूल रूप से गुर्जर की थड़ी, महेश नगर का निवासी है। उसके खिलाफ मालवीय नगर थाने में भी धोखाधड़ी का मामला दर्ज है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक तोताराम, कांस्टेबल राजेंद्र कुमार और रामराज की विशेष भूमिका रही।

# भारतीय कालगणना की वैज्ञानिक पृष्ठभूमि पर भारतीय शिक्षा मंडल की विचार गोष्ठी संपन्न



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** भारतीय शिक्षा मंडल जयपुर प्रांत के युवा गतिविधि प्रमुख डॉ मुकेश शर्मा के सानिध्य में शनिवार को राजकीय बालिका महाविद्यालय श्रीमाधोपुर में भारतीय काल गणना की वैज्ञानिक पृष्ठभूमि पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सांवर माल जाट ने बताया कि डॉ मुकेश शर्मा ने अपने संबोधन में भारतीय पंचांग चंद्रमा, सूर्य तथा नक्षत्रों की गतियों पर आधारित एक अत्यंत विकसित एवं वैज्ञानिक गणितीय प्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर भारतीय काल गणना पर आधारित पंचाग का विमोचन भी किया गया। स्वत्व पंचांग में भारतीय महीनों को प्रमुखता के साथ प्रस्तुत किया गया है, जिनका निर्धारण प्रकृति एवं खगोलीय घटनाओं के सुसंगत आधार पर होता है। उदाहरण स्वरूप जिस पूर्णिमा के समय चंद्रमा चित्रा नक्षत्र के समीप स्थित होता है, वह चैत्र मास कहलाता है तथा जिस पूर्णिमा पर वह कृत्तिका नक्षत्र के निकट होता है वह कार्तिक मास माना जाता है। वर्तमान में प्रचलित ग्रेगोरियन कैलेंडर के महीनों को केवल संदर्भ एवं समन्वय की सुविधा के लिए सहायक रूप में प्रस्तुत किया गया है। इसी क्रम में भारतीय परंपरा में वर्णित सूर्य के बारह नाम-जैसे चैत्र में धाता तथा वैशाख में अर्यमा-को भी संकेतात्मक रूप से सम्मिलित किया गया है जिससे उपयोगकर्ता भारतीय कालगणना ऋतु-बोध और सांस्कृतिक परंपराओं के मध्य अंतर्निहित वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को सहज रूप में आत्मसात कर सके।

### चंद्र पक्षों की स्पष्ट पहचान

पंचांग में कृष्ण और शुक्ल पक्ष को दो अलग-अलग रंगों के माध्यम से दर्शाया गया है।

धूसर या गहरा रंग कृष्ण पक्ष को दर्शाता है। जब चंद्रमा का आकार घटता है और अंधकार बढ़ता है जबकि सफेद रंग शुक्ल पक्ष का प्रतीक है, जब चंद्रमा का आकार बढ़ता है और प्रकाश में वृद्धि होती है।

### तिथि की घट-बढ़ का सटीक चित्रण

पंचांग में तिथियों के परिवर्तन को भी स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है। कई बार एक ही दिन में दो तिथियाँ आ सकती हैं या कोई तिथि लुप्त (क्षय) हो सकती है-इस जटिलता को सरल और सहज रूप में प्रस्तुत किया गया है।

### भारतीय ज्योतिष में वार की अवधारणा

भारतीय समय-गणना में एक वारका निर्धारण सूर्योदय से अगले दिन के सूर्योदय तक माना जाता है। इसके विपरीत, ग्रेगोरियन कैलेंडर में दिन का परिवर्तन रात्रि 12 बजे के बाद होता है। इस मूलभूत अंतर को पंचांग में चित्र के माध्यम से सरल और स्पष्ट रूप में समझाया गया है। स्वत्व पंचांग केवल एक कैलेंडर नहीं बल्कि भारतीय ज्ञान, परंपरा, खगोल विज्ञान और जीवनशैली के समन्वय का एक सशक्त प्रयास है जो विशेष रूप से युवा पीढ़ी में समय के स्वत्व-बोध को पुनर्जीवित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस नवाचार की परिकल्पना एवं विकास कार्य डॉ मुकेश शर्मा प्रांत युवा गतिविधि प्रमुख, भारतीय शिक्षण मंडल जयपुर प्रांत के नेतृत्व में संपन्न हुआ है। सभी का आभार डॉ चंद्र प्रकाश व्यास ने प्रकट किया। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता सेवानिवृत्ति प्रिंसिपल शिवपाल सिंह शेखावत ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ माधव सिंह, भारतीय किसान संघ के महावीर सिंह खर्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ प्रेमचंद वर्मा, डॉ मुकेश कुमार शर्मा, डॉ एस एल जाट, डॉ राजेंद्र बुनकर, डॉ सुरेश समोता, डॉ मुकेश बल्डवाल, कन्हैयालाल चौरसिया, ओमप्रकाश पचौरी सहित अनेक समाज के जागरूक लोग उपस्थित रहे।

### भारतीय शिक्षण मंडल की गतिविधि

भारतीय शिक्षण मंडल का एक परिचय डॉ मुकेश कुमार शर्मा ने कहा कि भारतीय शिक्षण मंडल एक राष्ट्रीय शैक्षिक एवं वैचारिक संगठन है, जिसका प्रमुख उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में भारतीयता की स्थापना करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब शिक्षा प्रणाली विभिन्न बाहरी प्रभावों से प्रभावित हो रही है, ऐसे में भारतीय शिक्षण मंडल भारतीय ज्ञान, परंपरा, सांस्कृतिक मूल्यों तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण के समन्वय से एक सशक्त एवं संतुलित शिक्षा मॉडल प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि मंडल की कार्यप्रणाली अत्यंत संगठित, चरणबद्ध, सोपान आधारित एवं उद्देश्यपूर्ण है जिसके अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर योजनाबद्ध ढंग से कार्य संचालित किया जाता है। इस क्रम में उन्होंने मंडल की प्रमुख गतिविधियों, विभिन्न कार्य विभागों तथा संगठनात्मक संरचना का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट किया कि यह संगठन विद्यालय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक शिक्षा के क्षेत्र में सार्थक एवं प्रभावी हस्तक्षेप कर रहा है।

### सूर्य-चंद्र गति का समन्वय और अधिक मास

सूर्य और चंद्रमा की गतियों के बीच समयांतर के कारण जब चंद्र वर्ष, सौर वर्ष से पीछे रह जाता है, तब इस अंतर को संतुलित करने के लिए अधिक मास जोड़ा जाता है। इस प्रक्रिया को चित्रों के माध्यम से सरलता से समझाया गया है।

# पेड़ों पर बांधे जल पात्र और दाना शिकोरे



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** ग्रीष्म ऋतु के प्रारम्भ के साथ ही तापमान में तीव्र वृद्धि होने लगती है, जिससे मानव जीवन के साथ-साथ पशु-पक्षियों के लिए भी जीवन यापन अत्यंत कठिन हो जाता है। विशेष रूप से पक्षियों के लिए पानी और भोजन की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बन जाती है। इसी संवेदनशीलता और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए श्रीमाधोपुर में एक सराहनीय पहल का शुभारंभ किया गया। श्रीमाधोपुर के प्रकृति प्रेमी राजू बागवान के निर्देशन में भारतीय किसान संघ के तत्वावधान में एसबीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशन श्रीमाधोपुर परिसर में पक्षियों के संरक्षण हेतु एक महत्वपूर्ण अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत परिसर में स्थित 10 पेड़ों पर दो स्थानों पर प्रत्येक पेड़ के लिए पानी के पात्र तथा दाना-चुग्गा हेतु शिकोरे बांधे गए। यह पहल न केवल भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत प्रदान करने का प्रयास है बल्कि समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी है। इस पुनीत कार्य में भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष सतवीर सिंह सामोता, जिला कोषाध्यक्ष डॉ मुकेश, एसबीएन ग्रुप श्रीमाधोपुर के सचिव इंजीनियर प्रदीप धायल, डॉ सुरेश कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य सागरमल चौधरी तथा को-ऑर्डिनेटर मुकेश पुरी गोस्वामी ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के सहायक आचार्यगण ओमप्रकाश शर्मा, झावरमल चौधरी, कमलेश सैनी, राजेंद्र कुमार वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, धर्मेन्द्र जीतरवाल एवं सोहनलाल ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ के जिला जैविक प्रमुख विश्वनाथ शर्मा तथा नगर युवा प्रमुख मोहनलाल की उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक प्रेरणादायक बना दिया। सभी उपस्थित सदस्यों ने मिलकर पक्षियों के लिए जल और दाना की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की तथा इस अभियान को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति हमारी जिम्मेदारी केवल एक दिन तक सीमित नहीं है बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है। गर्मियों में जल स्रोतों के सूखने के कारण पक्षियों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर, विद्यालय या कार्यस्थल पर पानी एवं दाना की व्यवस्था करे तो अनेक पक्षियों का जीवन बचाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश भी दिया गया कि छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़े बदलाव ला सकते हैं। एक साधारण जल पात्र भी कई पक्षियों के लिए जीवन दायिनी सिद्ध हो सकता है। यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक कदम होने के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं और जीवों के प्रति करुणा का प्रतीक भी है। एसबीएन ग्रुप ऑफएजुकेशन द्वारा किया गया यह प्रयास विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है, जिससे उनमें सामाजिक जिम्मेदारी, पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जीव-जंतुओं के प्रति सहानुभूति की भावना विकसित होती है। ऐसे प्रयास विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत में सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने यह संकल्प लिया कि इस अभियान को केवल एक कार्यक्रम तक सीमित नहीं रखा जाएगा बल्कि इसे निरंतर जारी रखते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ा जाएगा। साथ ही अन्य संस्थानों एवं आमजन से भी इस प्रकार की पहल में भाग लेकर पक्षियों के संरक्षण में योगदान देने कीअपील की गई। निश्चित रूप से यह पहल समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और भविष्य में अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# प्रभु से बढ़कर कोई और सुख और सम्पदा नहीं : शिवेन्द्राश्रम



निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर के माली सैनी भवन में स्व. ईशरराम व सुखी देवी खडोलिया की पुण्य स्मृति में परिवारजनों द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन शुकदेवजी के जन्म का वृत्तांत विस्तार से वर्णित किया गया। कथा वाचक दण्डी स्वामी शिवेन्द्राश्रम महाराज ने कथा का शुभारंभ करते हुए कहा कि आप सभी पर ठाकुर जी की विशेष कृपा है, जिसके कारण आप कथा का आनंद ले रहे हैं और श्रीमद् भागवत का रसपान कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान जिसे जितना प्रदान करते हैं, उसे उतना ही प्राप्त होता है। उन्होंने मानव जीवन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह जीवन केवल विषय-वस्तुओं के भोग के लिए नहीं मिला है, लेकिन आज का मानव भक्ति मार्ग को छोड़कर सांसारिक सुखों में लिप्त हो गया है। मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य भगवान श्रीकृष्ण की प्राप्ति है। दण्डी शिवेन्द्राश्रम महाराज ने कहा कि यदि हम दृढ़ निश्चय कर लें कि जीवन में हमें कृष्ण को ही पाना है, तो इससे बढ़कर हमारे लिए कोई सुख, संपत्ति या समृद्धि नहीं हो सकती। इस अवसर पर यजमान नंदलाल खडोलिया सहपत्नीक सहित सांवरमल, बाबुलाल, शंकरलाल, बनवारीलाल, निर्मल सैनी, इन्द्रचंद देवड़ा, राजेंद्र, सुरेंद्र टाक, ललित दाधीच, नथमल सैनी, रामगोपाल, मूलचंद दाधीच, परमेश्वर फोगला, रोहित मारू, परमानंद प्रजापत, महावीर कटारिया, पंडित देवकीनंदन दाधीच, पुरुषोत्तम मारू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# जयकारों के बीच निकली भगवान परशुराम की शोभायात्रा



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा जयपुर महानगर के बैनर तले भगवान परशुराम की शोभायात्रा जलेबी चौक से निकाली गई। इस दौरान आसपास का क्षेत्र भगवान परशुराम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। महानगर अध्यक्ष मोहन प्रकाश शर्मा ने बताया कि यात्रा को राम रतन देवाचार्य महाराज व विधायक बालमुकुंद आर्य महाराज ने मुख्य रथ की पूजा अर्चना कर रवाना किया। इस मौके पर महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष एडवोकेट ज्योति शर्मा के नेतृत्व में 1100 महिलाएं एक ही गणवेश मे परशुराम पताका हाथ मे लिये चल रही थी। यात्रा संयोजक हनुमान शर्मा व महामंत्री शिवकुमार ने बताया कि यात्रा जलेबी चैक से विशाल लवाजमे और विभिन्न बैण्डो की मधुर स्वर लहरियों के साथ रवाना होकर जयपुर के प्रमुख मार्गो से होती हुई छोटी चैपड़ पर महिला प्रकोष्ठ की ओर से महा आरती सम्पन्न हुई। इस दौरान मुख्य अतिथि उप मुख्य मंत्री दिया कुमारी, सांसद मंजू शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, बृजकिशोर शर्मा ब्राहमण महासभा के मुख्य संरक्षक एसडी शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम जैमिनी कविता मिश्रा, स्नेहलता शर्मा तुलसी शर्मा के अलावा महानगर के पदधिकारी युवा अध्यक्ष करण शर्मा, सुभाष शर्मा, केदार शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, रवि गोस्वामी प्रदेश पदधिकारि व महानगर पदाधिकारी ईकाई अध्यक्ष सहित समस्त महिला पदाधिकारी मौजुद रहे।

# तेरापंथ की राजधानी में आचार्य महाश्रमण के जन्मोत्सव का भव्य आयोजन



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** शनिवार को जैन विश्व भारती सुधर्मा सभा में आचार्यश्री महाश्रमण पधारे, जहां श्रावक-श्राविकाओं व मुख्यमुनिश्री सहित संत समुदाय ने अपने आराध्य के प्रति आध्यात्मिक मंगलकामना करते हुए विभिन्न प्रस्तुतियां दी। साध्वी प्रमुखाजी, साध्वी वर्याजी ने आचार्यश्री की अभिवंदना करते हुए 65वें जन्मदिवस की मंगलकामना की। तदुपरान्त साध्वीवृंद ने भी गीत का संगान किया। जैन विश्व भारती में स्थित महाप्रज्ञ प्रोग्रेसिव स्कूल के नन्हें विद्यार्थियों ने भी आचार्यश्री को वर्धापित किया। जैन विश्व भारती मान्य विश्वविद्यालय के छात्रों ने भी आचार्यश्री का अभिनंदन किया। आचार्यश्री महाश्रमण ने अपने जन्मोत्सव पर पाथेय प्रदान करते हुए कहा कि प्रश्न हो सकता है कि जन्म क्यों होता है? एक दिन में कितने बच्चों का तो कितने पशुओं का और भी कितने-कितने प्राणियों का जन्म होता होगा। जन्म के संदर्भ में कहा गया है कि प्रमादी जीव बार-बार जन्म लेता है, गर्भ में आता है। मानव जीवन मिलना भी मानों महत्त्वपूर्ण है। मानव जन्म लिए बिना जन्म-मरण से मुक्ति नहीं मिल सकती, इसलिए मानव जन्म का अपना महत्त्व है। जन्म लेना भाग्य की बात होती है लेकिन पुरुषार्थ करना अपने हाथ की बात होती है। जैन विश्व भारती के मुख्य न्यासी जयंतीलाल सुराणा, जैन विश्व भारती मान्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़, अमृतवाणी के अध्यक्ष ललितकुमार दूगड़, तेजकरण बोथरा, नरपत दूगड़, तेजकरण सुराणा, प्रभा दूगड़, योगक्षेम वर्ष प्रवास व्यवस्था समिति के महामंत्री निर्मल कोटेचा, संपतराज डागा, संजय खटेड़, राजेश दूगड़, निर्मल नौलखा, सूरजमल नाहटा ने अपनी अभिव्यक्ति दी।

# एनर्जी क्रिकेट लीग का फाइनल मुकाबला आज



निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** केसीसी के नेहरू मैदान में चल रही छह दिवसीय एनर्जी क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के पांचवे दिन शनिवार सुबह पांचवां मुकाबला खेतड़ी खंड व खेतड़ी नगर के बीच खेला गया। खेतड़ी खंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर राकेश के 122 रनों के योगदान से 194 रन बनाए। जवाब में खेतड़ी खंड के मनोज कुमार ने आठ रन देकर तीन व राकेश ने एक विकेट लेकर खेतड़ी नगर को 41 रनों पर ही आल आउट कर 149 रनों से मुकाबला जीत कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। राकेश को मैन ऑफ द मैच चुना गया। छठा मुकाबला बबाई व प्रसारण के बीच खेला गया। बबाई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में सुभाष के 40 रनों के सहयोग से 131 रन बनाए जवाब में प्रसारण ने छह विकेट के नुकसान पर 114 रन ही बना पाई। बबाई 17 रनों से मैच जीत कर सेमी फाइनल में पहुंची। बबाई के सुभाष को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इसी प्रकार खेतड़ी नगर व बुहाना भी सेमी फाइनल में पहुंची। रविवार को दोनों सेमी फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे, रविवार शाम को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

# ओवरस्पीड कार का कहर, तीन वाहन क्षतिग्रस्त

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** वैशाली नगर थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर ओवरस्पीड कार ने सड़क पर कहर बरपाते हुए तीन कारों को टक्कर मार दी। तेज रफ्तार कार एक वाहन को करीब 15 फीट तक घसीटते हुए ले गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस के अनुसार दुर्घटना दोपहर करीब 2:45 बजे वैशाली नगर थाने से कुछ दूरी पर हुई। तेज गति से आ रही कार ने सड़क किनारे खड़ी एक कार को पीछे से जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार को अपने साथ करीब 15 फीट तक घसीट लिया। इसके बाद अनियंत्रित वाहन ने दो अन्य कारों को भी टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

## लिव-इन पार्टनर पर प्रेमिका ने किया चाकू से हमला

**जयपुर (नवयत्न)।** खोराबीसल थाना क्षेत्र में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे युवक पर उसकी प्रेमिका द्वारा चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। इस हमले में युवक के पेट और सीने पर गंभीर चोटें आई हैं। जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल रामेश्वर लाल के अनुसार खोराबीसल निवासी 40 वर्षीय युवक ने पर्चा बयान में बताया कि वह एक निजी कंपनी में कार्यरत है और करीब पांच वर्ष पूर्व उसकी एक युवती से इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती हुई थी। समय के साथ दोनों के बीच प्रेम संबंध बने और वे आपसी सहमति से लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे। पीड़ित के अनुसार 18 अप्रैल की रात वह अपने कमरे में सो रहा था। तभी उसकी प्रेमिका ने अचानक चाकू से उस पर हमला कर दिया। युवक के पेट और सीने पर कई वार किए गए। घायल अवस्था में उसने परिचित की मदद से निजी अस्पताल पहुंचकर उपचार लिया, जहां पुलिस को दिए बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया। वहीं दूसरी ओर युवती ने भी खोराबीसल थाने में युवक के खिलाफशिकायत दर्ज कराई है। युवती का आरोप है कि युवक शराब के नशे में आए दिन उसके साथ मारपीट करता था और उसे लंबे समय से प्रताड़ित कर रहा था। इसी से आक्रोशित होकर उसने हमला किया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला कांस्टेबल गिरफ्तार

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। राजस्थान पुलिस में तैनात एक कांस्टेबल को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार जयपुर निवासी 24 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज कराया कि नवंबर 2025 में जोधपुर में तैनात एक कांस्टेबल से उसकी शादी की बात चली थी। इस दौरान आरोपी ने मुलाकात के लिए उसे जयपुर बुलाया और दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत शुरू हो गई। जनवरी 2026 में आरोपी कांस्टेबल छुट्टी लेकर जयपुर आया और युवती को होटल में मिलने के लिए बुलाया। आरोप है कि वहां आरोपी ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसने जल्द शादी करने का भरोसा देकर उसे चुप करा दिया। इसके बाद आरोपी ने 2-3 बार और मुलाकात कीए लेकिन जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो उसने साफ इनकार कर दिया। धोखे का एहसास होने पर पीड़िता ने परिजनों को जानकारी देकर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने मेडिकल जांच व पर्चा बयान के आधार पर आरोपी को हिरासत में लिया और पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

## ऑनलाइन शादी कार्ड के नाम पर की जा रही है साइबर ठगी

**जयपुर (नवयत्न)।** वेडिंग सीजन में साइबर अपराधियों ने ठगी का नया तरीका अपनाया है। व्हाट्सएप पर डिजिटल शादी के निमंत्रण भेजकर लोगों के मोबाइल और बैंक खातों को निशाना बनाया जा रहा है। इसे लेकर राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने विस्तृत एडवाइजरी जारी कर आमजन को सतर्क रहने की अपील की है। डीआईजी साइबर क्राइम शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि जालसाज शादी के कार्ड के नाम पर खतरनाक लिंक और फाइल भेजते हैं, जो मोबाइल में पहुंचते ही निजी जानकारी चुरा लेते हैं और बैंक खाते तक खाली कर सकते हैं। साइबर अपराधी के नाम की फाइल भेजकर मोबाइल का पूरा कंट्रोल हासिल कर लेते हैं और ओटीपी चुरा लेते हैं। दूसरे तरीके में इपज-सल जैसे लिंक भेजकर फिशिंग के जरिए बैंक डिटेल्स हासिल की जाती हैं या जासूसी सॉफ्टवेयर डाउनलोड कराया जाता है। तीसरे तरीके में हैक किए गए परिचित के अकाउंट से मैसेज भेजकर भावनात्मक दबाव बनाया जाता है, जिससे लोग बिना सोचे लिंक खोल देते हैं। पुलिस ने सलाह दी है, फाइल को कभी डाउनलोड या इंस्टॉल न करें। फोन को सक्रिय रखें। किसी परिचित के नाम से संदिग्ध लिंक या कार्ड मिलने पर पहले फोन कर पुष्टि करें। साथ ही छोटे लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऐसी किसी भी धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930, साइबर हेल्पडेस्क 9256001930/9257510100, ऑनलाइन पोर्टल नजदीकी पुलिसध्साइबर थाने में संपर्क करने की अपील की गई है।

## छह लाख का डोडा-चूरा सहित तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर ग्रामीण पुलिस के ऑपरेशन एंटी वेनम अभियान के तहत दूदू थाना पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए स्कूटी सवार एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध डोडा -छिलका बरामद किया है। जयपुर ग्रामीण एसपी हनुमान प्रसाद ने बताया कि रेंज आईजी राहुल प्रकाश के निर्देशानुसार 1 से 30 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा के सुपरवीजन और थानाधिकारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गश्त के दौरान संदिग्ध स्कूटी को रुकवाया। तलाशी लेने पर स्कूटी पर रखे दो प्लास्टिक कट्टों में अवैध डोडा-छिलका मिला। वजन करने पर इसकी मात्रा 40 किलो 550 ग्राम पाई गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 6 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी रामवतार 30 निवासी बाना की ढाणी धांधोली दूदू को गिरफ्तार कर स्कूटी जब्त कर ली है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर नशा तस्करी के नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी हैए साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि खेप कहां से लाई गई और किसे सप्लाई की जानी थी। इस कार्रवाई में थानाधिकारी मुकेश कुमार, एएसआई बाबूलाल, कांस्टेबल सांवरमल, प्रकाश और महेश की विशेष भूमिका रही।

## 1.62 किलो अफीम सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर ग्रामीण पुलिस के ऑपरेशन एंटी वेनम अभियान के तहत फुलेरा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 किलो 620 ग्राम अवैध गीली अफीम बरामद की है। जयपुर ग्रामीण एसपी हनुमान प्रसाद ने बताया कि रेंज आईजी राहुल प्रकाश के निर्देशानुसार 1 से 30 अप्रैल तक नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार रात करीब 11 बजे थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार मय टीम गांधी चौक पर गश्त कर रहे थे। इस दौरान सामने से आ रहे दो युवक पुलिस को देखकर घबरा गए और वापस भागने लगे। संदेह होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को डिटेन कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी सूरज गिरी गोस्वामी के बैग से 883 ग्राम और कैलाश चन्द की प्लास्टिक थैली से 737 ग्राम गीली अफीम बरामद हुई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपनी पहचान सूरज गिरी गोस्वामी 22 और कैलाश चन्द 24 निवासी गंगरार, जिला चित्तौड़गढ़ के रूप में बताई। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ कर नशा तस्करी के नेटवर्क और सप्लाई चेन के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में कांस्टेबल सरदार सिंह, रवि कुमार तथा दूदू पुलिस के कांस्टेबल नरेश, कुलदीप और सरदार की विशेष भूमिका रही।



## आईटी सहसंयोजक बनने पर दौलत त्रिलोकानी ने लिया विधायक से आशीर्वाद

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** भारतीय जनता पार्टी के हवामहल विधानसभा क्षेत्र के जलमहल मंडल में आईटी सहसंयोजक नियुक्त होने पर समाजसेवी दौलत त्रिलोकानी ने विधायक बालमुकुंद आचार्य महाराज से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार भी व्यक्त किया। कार्यक्रम में विधायक ने दौलत त्रिलोकानी को दुपट्टा व माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं और संगठन के कार्यों को मजबूती से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष अमित गोयल, आईटी विभाग के जिला संयोजक राजेश गौतम सहित अन्य पदाधिकारियों का भी आभार जताया गया। कार्यक्रम में जलमहल मंडल अध्यक्ष अमित पारीक, मदन नागर, आईटी संयोजक मोहित खंडेलवाल, महिला मोर्चा की शहर मंत्री रजनी पांडे, पूर्व पार्षद राजेश गुप्ता, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष करन अलवानी, राजेश शर्मा, संतोष गुप्ता सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## क्लब नाइट जार रिलोडेड में चल रहे हुक्का बार पर पुलिस ने मारी रेड

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम क्राइम ब्रांच सीएसटी ने कार्रवाई करते हुए शहर के पॉश इलाके एमआई रोड पर शनिवार को होटल की छत पर चल रहे अवैध हुक्का बार का पर्दाफाश किया। सीएसटी की टीम ने जालूपुरा थाना पुलिस के साथ मिलकर होटल ग्राण्ड चाणक्य की रूफटॉप पर संचालित क्लब नाइट जार रिलोडेड में दबिश दी और मौके से भारी मात्रा में हुक्का सामग्री जब्त की। डीसीपी क्राइम संजीव नैन के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि होटल लेजर इन ग्राण्ड चाणक्य की तीसरी मंजिल पर अवैध रूप से हुक्का परोसा जा रहा है। इस पर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के मार्गदर्शन और विशेष पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश के निर्देशन में टीम गठित की और फिर टीम ने छापा मारकर नियमों की अवहेलना करते हुए हुक्का बार संचालित पाया। वहीं इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से 17 हुक्के मय चिलम, 5 पाइप तथा विभिन्न फ्लेवर युक्त तंबाकू सामग्री बरामद की। वहीं हुक्का पीते हुए मिले 5 व्यक्तियों के खिलाफ कोटप्पा एक्ट के तहत चालान किए गए। पुलिस ने बार मैनेजर ब्रिजेश निवासी चमोली उत्तराखंड को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ जालूपुरा थाने में राजस्थान धूम्रपान प्रतिषेध अधिनियम 2000 और सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद राजस्थान संशोधन अधिनियम 2019 की धाराओं 4। व 21। के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

## मॉडलिंग का जलवा : 17 मई को फिनाले में दिखेगा कमाल

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** मिस डेजर्ट राजस्थान प्रतियोगिता के वाइल्डकार्ड ऑडिशन का आयोजन जयपुर में उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें शहर की युवतियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों का लक्ष्य टॉप-40 में स्थान बनाकर ग्रैंड फिनाले तक पहुंचना रहा। आयोजक अरुण कुमार सिंह और नरेंद्र कुमार गंगवाल ने बताया कि प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले की तिथि और स्थान घोषित कर दिए गए हैं। फिनाले का आयोजन 17 मई को जयपुर के पत्रकार कॉलोनी स्थित राज आंगन रिजॉर्ट में भव्य रूप से किया जाएगा। प्रतियोगिता के जूरी पैनल में रजनीश जैन और रजनीश सिंह शामिल हैं जबकि वेन्यू पार्टनर के रूप में मुकेश सैनी सहयोग कर रहे हैं। वहीं शो की मेंटोर के रूप में मॉडलिंग जगत में अपनी पहचान बना चुकी कोनिका आर्या प्रतिभागियों का मार्गदर्शन कर रही हैं। आयोजकों के अनुसार इस प्रतियोगिता को लेकर प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। यह मंच युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और आगे बढ़ने का बेहतर अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम का प्रबंधन गरिमा सिंह और उनकी टीम द्वारा किया जा रहा है।

# राज्यपाल बोले- पंजाब से केमिकल वाला पानी गंगानगर-हनुमानगढ़ पहुंच रहा उपराष्ट्रपति ने कहा- एंटी कैंसर दवाओं को आयुष्मान योजना से जोड़ रहे

जयपुर।

राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि पंजाब की फैक्ट्रियों से निकलने वाला केमिकल युक्त पानी गंगानगर और हनुमानगढ़ तक पहुंच रहा है। जो कैंसर की बड़ी वजह बन सकता है। राज्यपाल भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल के 23वें कैंसर सर्वाइवर्स डे पर महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में बोल रहे थे। इस दौरान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा- कैंसर से बचाव की दिशा में अर्ली डिटेक्शन सबसे अहम कड़ी है। अगर समय रहते बीमारी की पहचान हो जाए तो इलाज अधिक प्रभावी हो सकता है। केंद्र सरकार कैंसर के इलाज को लेकर गंभीर है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस दिशा में अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

### एंटी कैंसर दवाओं को भी आयुष्मान आरोग्य योजना से जोड़ा जा रहा

उन्होंने बताया- केंद्र सरकार ने डे केयर सेंटरों की संख्या बढ़ाई है। 450 से अधिक सेंटर पहले से ही ऑपरेशनल स्टेज में हैं। एंटी कैंसर दवाओं को भी आयुष्मान आरोग्य योजना में जोड़ा जा रहा है। इससे आमजन को राहत मिलेगी। सर्वाइकल कैंसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा- फरवरी से केंद्र सरकार ने सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण कार्यक्रम शुरू किया है। जो भविष्य में बड़ा बदलाव लाने वाला कदम साबित होगा।

### मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर की तारीफ की

उपराष्ट्रपति ने राजस्थान में स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे कार्यों के लिए चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर की तारीफ करते हुए कहा- राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में प्रभावी काम कर रही है।




### पानी के लिए पंजाब के राज्यपाल को पत्र लिखा

राज्यपाल ने कहा- कैंसर से बचाव के लिए शुद्ध पानी जरूरी है। पंजाब की फैक्ट्रियों से निकलने वाला केमिकल युक्त पानी संभवत: गंगानगर और हनुमानगढ़ तक पहुंच रहा है। जो कैंसर का कारण बन सकता है। इस संबंध में मैंने पंजाब के राज्यपाल को पत्र भी लिखा है।

मुझे लगता है, आने वाले वक्त में इसका समाधान होगा। राज्यपाल ने कहा कि तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट से कैंसर होता है। लेकिन काफी बार ऐसा देखा गया है कि बीडी, सिगरेट और तंबाकू खाने वाले लोगों को कुछ नहीं होता है। तब लोग कहते हैं कि तुम ऐसा कैसे कह सकते हो। हम तो इतने सालों से यह खा रहे हैं, हमारे कुछ नहीं हो रहा है।

### राज्यपाल बोले- कैंसर मुक्त राजस्थान का लक्ष्य तय हो

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा- कुछ समय पहले तक कैंसर को बेहद खतरनाक माना जाता था। लेकिन अब नई तकनीकों और आधुनिक इलाज के कारण कैंसर पर जीत हासिल की जा रही है। जैसे टीबी मुक्त राजस्थान की बात हो रही है, वैसे ही कैंसर मुक्त राजस्थान का लक्ष्य भी तय किया जाना चाहिए।

### राजस्थान में 35 हजार करोड़ का मेडिकल बजट

मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने बताया कि प्रदेश में 35 हजार करोड़ रुपए का मेडिकल बजट रखा गया है। भजनलाल सरकार ने मेडिकल क्षेत्र में 60 हजार नियुक्तियों की घोषणा की है, जिनमें से 25 हजार गैजेटेड और नॉन-गैजेटेड मेडिकल स्टाफ की नियुक्तियां की जा चुकी हैं। पिछली कांग्रेस सरकार ने पांच वर्षों में केवल 13 हजार नियुक्तियां की थीं। केंद्र सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया गया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत विभिन्न बीमारियों में 68 लाख से अधिक मरीजों को 13 हजार करोड़ रुपए का लाभ दिया गया है।

# ईरान और अमेरिका के बीच फिर से बनी संवाद की संभावना, पर सीधी बातचीत से इनकार

नई दिल्ली

ईरान और अमेरिका एक बार फिर बातचीत के लिए तैयार नजर आ रहे हैं, हालांकि इस बार वे सीधे नहीं बल्कि दूरी बनाए रखते हुए और दूसरे स्तर के प्रतिनिधियों के जरिए संवाद कर सकते हैं। ईरान से एक प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान पहुंच चुका है, जबकि अमेरिकी दल के शनिवार को वहां पहुंचने की उम्मीद है। ईरान ने अमेरिका के साथ बातचीत में शामिल होने से मना कर दिया था, जिसकी वजह से पिछले हफ्ते दोनों पक्षों के बीच दूसरे राउंड की वार्ता नहीं हो पाई। हालांकि, बाद में ईरान ने फिर से बातचीत आगे बढ़ाने की कोशिश की। एक तरफ भीषण तनाव की वजह से तेहरान ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया है और दूसरी तरफ अमेरिका ने ईरान के पोर्ट को ब्लॉक कर दिया है।

वैसे तो दोनों पक्षों के बीच सीजफायर को लेकर हलचल देखने को मिल रही है, लेकिन इस बीच में अमेरिका ने ईरानी जहाजों पर हमला करके कब्जा कर लिया है। वहीं, तेहरान ने भी जहाजों पर हमला करके उन्हें कब्जा कर लिया है। ईरान ने जिन जहाजों पर कब्जा किया है, उनमें दुबई से भारत जा रहा एक जहाज भी शामिल है।

ईरान ने नाकाबंदी के दौरान अमेरिका के साथ बातचीत करने से मना कर दिया था, हालांकि सीजफायर के मुद्दे पर बातचीत करने के लिए ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची शुक्रवार को इस्लामाबाद पहुंचे। ऐसा कहा जा रहा है कि यह पाकिस्तान, ओमान और रूस के साथ बातचीत के एक दौर का हिस्सा है। दूसरी तरफ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर और खास दूत स्टीव विटकॉफ भी इस्लामाबाद पहुंचेंगे। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने उनके बीच सीधी मीटिंग से मना कर दिया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक्स पर बघाई ने लिखा, ईरान और अमेरिका के बीच कोई मीटिंग होने का प्लान नहीं है। ईरान के ऑब्जर्वेशन पाकिस्तान को बताए जाएंगे। इसका मतलब है कि अमेरिका के साथ सीधी बातचीत के बजाय, ईरान अपना पक्ष पाकिस्तान को बताएगा और दोनों पक्ष पाकिस्तानी बिचौलियों के जरिए बातचीत कर सकते हैं।

जेनेवा में दोनों पक्षों के बीच इनडायरेक्ट बातचीत हुई थी, जो फेल हो गई थी। जेनेवा में हुई इस इनडायरेक्ट बातचीत में ओमान के विदेश मंत्री सैय्यद बद्र बिन हमद अल बुसैदी ने मध्यस्थता का काम किया था। इस बातचीत के दौरान अमेरिका की तरफ से कुशनर और विटकॉफ और ईरान की तरफ से अराघची जेनेवा में थे।

वर्तमान बातचीत के दौरान अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबफ पाकिस्तान में मौजूद नहीं होंगे। 11 अप्रैल को पहले राउंड की बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने अपनी-अपनी पार्टियों को लीड किया था। हालांकि,



व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने मीडिया को बताया कि 'वेंस स्टैंडबाय पर हैं और अगर हमें लगा कि उनके समय का सही इस्तेमाल करना है तो वे पाकिस्तान भेजने को तैयार होंगे।'

ईरानी विदेश मंत्री अराघची ने एक्स पर लिखा, मेरे दौरों का मकसद द्विपक्षीय मामलों पर अपने साझेदारों के साथ करीबी सहयोग करना और क्षेत्रीय विकास पर सलाह-मशविरा करना है। हालांकि, व्हाइट हाउस की प्रवक्ता लेविट ने मीडिया से कहा, स्टीव और जेरेड ईरानियों की बात सुनने के लिए पाकिस्तान जाएंगे, जबकि राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, विदेश सचिव मार्को रुबियो अपडेट के लिए यहां अमेरिका में इंतजार करेंगे। हमने पिछले कुछ दिनों में ईरानी पक्ष से निश्चित रूप से कुछ प्रोग्रेस देखी है।

## सांवलिया सेठ को महीनेभर में 41.67 करोड़ रुपए का चढ़ावा

### रिकॉर्ड दान में 3 करोड़ का सोना-चांदी भी; मंदिर में 56 भोग-मोरपंख पर अब पाबंदी

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ (मेवाड़) के श्रीसांवलिया सेठ मंदिर को एक महीने में दान में मिली राशि ने नया रिकॉर्ड बनाया है। एक महीने (18 मार्च से 16 अप्रैल तक) में कुल 41 करोड़ 67 लाख 38 हजार 569 रुपए चढ़ावे की राशि प्राप्त हुई।

एडीएम और मंदिर मंडल की सीईओ प्रभा गौतम ने बताया- 16 अप्रैल को चतुर्दशी के दिन भंडार खोला गया था। इसके बाद सात राउंड में गिनती की गई। इस दौरान मंदिर के भंडार से कुल 33 करोड़ 21 लाख 63 हजार 539 रुपए प्राप्त हुए। भेंटकक्ष और ऑनलाइन माध्यम से 8 करोड़ 45 लाख 75 हजार 30 रुपए मिले। इनके अलावा करीब 1 करोड़ रुपए कीमत का सोना और करीब 2 करोड़ रुपए की चांदी की भेंट भी चढ़ावे में आई है। प्रभा गौतम ने बताया- इस महीने भंडार, भेंटकक्ष और ऑनलाइन माध्यम से कुल 41 करोड़ 67 लाख 38 हजार 569 रुपए की दान राशि प्राप्ति हुई है। यह एक महीने (29 दिन) में मिली अब तक की सबसे ज्यादा राशि है।

## आम सूचना

मेरे पति हरलाल सिंह पुत्र केशरराम के नाम से एक वाहन महिन्द्रा बोलेरो रजि. नं आर. जे. 18 जी.ए. 3895 मॉडल 2011 चेचिस नं. बी1बी17244 इंजन नं. जीएचबी1बी13787 है। यह कि मेरे पति का दिनांक 03/11/2020 को देहांत हो चुका है। अब उक्त वाहन को मैं मेरे नाम करवाना चाहती हूं अगर किसी को आपत्ति हो तो सात दिवस में परिवहन कार्यालय झुंझुनू में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

**तारामणी पत्नी हरलाल सिंह, जाति-जाट**
**निवासी-चुड़ेला, जिला-झुंझुनू (राज.)**

# जेकेके में चार पुस्तकों का होगा लोकार्पण

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** माधव सिंह पालावत शोध प्रतिष्ठान, हरमाड़ा जयपुर की ओर से रविवार को चार महत्वपूर्ण पुस्तकों का लोकार्पण समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में प्रात: 11 बजे शुरू होगा, जिसमें साहित्य, शोध और शिक्षा जगत से जुड़े विद्वान, साहित्यकार एवं साहित्य प्रेमी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। समारोह में माधव सिंह पालावत की पुस्तक ष्आवड़ कथा अनन्त तथा ष्बरवड़ी अन्नपूर्णा एवं शीशोपहारी बारू, डॉ. शेफालिका पालावत की बारहठ ईसरदास: हरिरस एवं गुण निंदा स्तुति और डॉ. सीमंतिनी पालावत की भारतीय भाषाओं का नारी रचित प्रथम महाकाव्य मेहाई करणी का लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य अकादमी के राजस्थानी परामर्श मंडल के अध्यक्ष एवं जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष प्रो. अर्जुन देव चारण करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में सौराष्ट्र विश्वविद्यालय के गुजराती विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. अम्बा दान रोहड़िया उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों में महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. रूप सिंह बारैठ तथा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कालाडेरा के प्राचार्य डॉ. जयभारत सिंह शामिल होंगे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में सज्जन सिंह, सत्यदेव बारहठ एवं रामसिंह पालावत भी समारोह में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. दिनेश चारण दिल्ली विश्वविद्यालय एवं डॉ. प्रकाश दान चारण द्वारा शोध पत्र वाचन किया जाएगा, जबकि संचालन दूरदर्शन उद्घोषक गजेंद्र सिंह कविया करेंगे। यह आयोजन साहित्यिक संवाद और शोध परंपरा को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।

# रेजिन आर्ट कार्यशाला आयोजित



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** एसबीडी राजकीय महाविद्यालय, सरदारशहर के वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा रेजिन आर्ट विषय पर एक ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन एवं संचालन विभागाध्यक्ष डॉ संत कुमार मीणा के नेतृत्व में किया गया जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कविता शर्मा ने की। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय महाविद्यालय, तारानगर की सहायक आचार्य डॉ योगिता उपस्थित रही। उन्होंने एमएससी वनस्पति शास्त्र के विद्यार्थियों को रेजिन आर्ट के माध्यम से पादपों के विभिन्न भागों जैसे पत्तियाँ, फूल एवं बीज के संरक्षण की आधुनिक तकनीकों का विस्तार से प्रशिक्षण दिया। साथ ही इस कला के शैक्षणिक, व्यावहारिक एवं रोजगारपरक महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ एमए खान, भवानीशंकर, डॉ सुनीता मीणा, मुकेश प्रजापत, डॉ देवीलाल रोझ, सुमन, शुभम बंसल एवं सुभाष दहिया भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ सिद्धि गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यशाला के अंत में विद्यार्थियों ने रेजिन आर्ट से जुड़ी नई तकनीकों के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए इसे अपने अध्ययन एवं भविष्य के लिए उपयोगी बताया। यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुई।

# सरफराज हत्याकांड : समझाइश के बाद दो दिनों से चल रहा धरना हटाया



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** सुजला चौराहे पर दो दिन पूर्व हुए सरफराज हत्याकांड को लेकर सरकारी अस्पताल की मोर्चरी के बाहर चल रहा धरना शनिवार दोपहर को पुलिस अधिकारियों की समझाइश के बाद समाप्त हो गया। परिजन और समाज के लोग मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शुक्रवार सुबह से धरने पर बैठे हुए थे। घटना के दो दिन बीत जाने के बाद भी हत्या के मामले में मुख्य आरोपी अरबाज की गिरफ्तारी नहीं होने से समाज के लोगों में भारी रोष था। इसी को लेकर परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया और मोर्चरी के बाहर धरना शुरू कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए लाडनूं सीओ जितेंद्र सिंह, सीआई शंभू दयाल तथा जसवंतगढ़ सीआई राजेश कुमार, एएसआई इकबाल खान घटना के दूसरे दिन धरना स्थल पर पहुंचे और परिजनों से समझाईश वार्ता की। पुलिस अधिकारियों ने मुख्य आरोपी अरबाज को तीन दिनों के भीतर गिरफ्तार कर लेने का भरोसा भी दिलाया। आला अधिकारियों से आश्वासन मिलने के बाद समाज के लोगों ने अपनी सहमति जताई और धरना समाप्त कर दिया। पुलिस ने मृतक का शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इसके बाद सुजानगढ़ में मृतक को कब्रिस्तान में दफन करने की प्रक्रिया संपन्न की गई।

# अलवर गैंगरेप पर कांग्रेस का वार, खाचरियावास ने दी आंदोलन की चेतावनी

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने अलवर जिले के रैणी थाना क्षेत्र में छात्रा के अपहरण और गैंगरेप की घटना को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न बताते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया। खाचरियावास ने कहा कि जब मुख्यमंत्री के पास गृह विभाग भी है, तब ऐसी जघन्य घटनाएं सरकार की विफलता को दर्शाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है और महिलाओं व बच्चियों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। उन्होंने कहा कि इस घटना ने पूरे राजस्थान को झकझोर दिया है और जनता सरकार से कड़ी कार्रवाई की अपेक्षा कर रही है। खाचरियावास ने मांग की कि आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर कठोर सजा दिलाई जाए। साथ ही पीड़िता को सुरक्षा और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की भी मांग की। पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री को स्वयं पीड़ित छात्रा और उसके परिवार से मिलकर उनका मनोबल बढ़ाना चाहिए और न्याय का भरोसा दिलाना चाहिए।

# 10वीं-12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों का होगा सम्मान

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर कस्बे की सामाजिक संस्था स्वर्णकार जन सेवा संस्थान की ओर से सर्व समाज के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान हेतु विशेष समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश जोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेशन एवं जिला न्यायाधीश विनोद सोनी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवस्थान विभाग के आयुक्त गौरव सोनी करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश प्रधान संपादक हंसराज कड़ेल एवं अध्यक्ष रमेश सोनी शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में मंत्री अशोक कड़ेल, रामलाल कड़ेल, शंकरलाल कुकरा, गोपाल लावट, मनोज कुमार कड़ेल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। संस्था द्वारा समारोह की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं तथा पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी ने बताया कि संस्था भविष्य में भी सर्व समाज के हित में विभिन्न सामाजिक कार्य करती रहेगी। उन्होंने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य राजलदेसर के बच्चों को शिक्षा के प्रति अधिक से अधिक प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर गोपाल लावट ने बताया कि आगामी मानसून में संस्था द्वारा वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत सार्वजनिक स्थलों पर अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाएगा तथा धार्मिक स्थलों पर श्रमदान भी किया जाएगा।

# सड़क हादसे में एक युवक की मृत्यु

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** शनिवार सुबह करीब ग्यारह बजे सुजानगढ़ सालासर रोड पर लोढ़सर गांव स्थित तेजाजी मंदिर के पास दो मोटरसाइकिल में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक बाईक सवार गंभीर घायल हो गया। सूचना पर सदर थाने से एसआई गीता रानी मौके पर पहुंची तथा टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, नवरतन बिजारणिया, हरिओम खोड़ द्वारा युवक को सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी में ले जाया गया। जहाँ डॉ रामरत्न बिस्सू ने जाँच के बाद मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक गोपाल 45 पुत्र रावताराम जाट, निवासी खालियां का था, जो कि लोढ़सर मे काम करता था। किसी काम से वापस लौटते वक्त ये हादसा हो गया। पुलिस ने परिजनो की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया है और शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

# प्रिंस के प्रीतम की ऑल इंडिया 15वीं रैंक

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सीकर स्थित प्रिंस एनडीए एकेडमी के प्रीतम सिंह शेखावत ने एनडीए टीईएस 55 फाइनल मेरिट लिस्ट में ऑल इंडिया लेवल पर 15वीं रैंक हासिल की है। इससे पूर्व एनडीए 156 एसएसबी फाइनल मेरिट लिस्ट में भी प्रीतम ने ऑल इंडिया लेवल पर 98वीं रैंक हासिल की है। इस सफलता से प्रीतम को सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति मिलेगी। लीला की ढाणी गुढ़ागौड़जी निवासी प्रीतम के पिता दशरथ सिंह शेखावत ड्राइवर हैं जबकि माता मंजू कंवर गृहिणी हैं। प्रीतम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवारजनों एवं



प्रिंस एनडीए एकेडमी के शिक्षकों को दिया है। इस सफलता पर निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर बीबी जानू, ब्रिगेडियर एचएस पिलखवाल, एकेडमिक हेड पवन कुमावत, प्रबंधन सदस्य निरुपम सुण्डा आदि ने प्रीतम एवं अभिभावकों को बधाइयां दी।

# मन्दिर के प्रवेश द्वार का हुआ लोकार्पण

निसं

**पिलानी ( नवयत्न )।** क्षेत्र के गांव ब्राह्मणों की ढाणी के मन्दिर में मुख्य प्रवेश द्वार का लोकार्पण शनिवार को किया गया। पूर्व सरपंच प्रसादा राम जोशी की स्मृति में निर्मित प्रवेश द्वार लोकार्पण कार्यक्रम में पूर्व आईजी हरिप्रसाद रुंथला, पूर्व कमिश्नर विनोद कुमार चोटिया, पूर्व विधायक सुभाष पूनिया, भाजपा नेता सुभाष शर्मा, पूर्व मंत्री डॉ राजकुमार शर्मा, पूर्व प्रधान शेरसिंह नेहरा, दो जांटी बालाजी के चंदूलाल शर्मा, मूर्तिकार मातूराम वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गिरधारी लाल



शर्मा अतिथि थे। अतिथियों ने पूजा अर्चना कर मन्दिर के नवनिर्मित प्रवेश द्वार का लोकार्पण किया। जगदीश प्रसाद जोशी, बहादुरमल, गीता देवी, सुनीता देवी, सुभाष जोशी, अनीता, राजेंद्र जोशी ने अतिथियों को साफा पहना कर एवं माला पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम में सरदारा राम, धर्मपाल, सुरेश कुमार, मोहनलाल बोचीवाल, मुरारी लाल शर्मा, कैलाश पति रूंथला, कैलाश चंद्र जोशी, आशीष, संजय, चंद्रप्रकाश, राजू, संदीप, सुरेंद्र कुमार, आशीष, सतीश, रवि शर्मा आदि ने भाग लिया।

# श्रीराम मंदिरों में किशोर का पंचामृत से जन्माभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराई

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जनकनंदिनी सीताजी का जन्मोत्सव जानकी नवमी के रूप में शनिवार को छोटीकाशी में भक्तिभाव से मनाया गया। श्रीराम मंदिरों में किशोरजी का पंचामृत से जन्माभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराई गई। ऋतु पुष्पों से मनोरम श्रृंगार कर बधाइयां गाई गई। फल, खिलौने, टॉफी, चॉकलेट की उछाल की गई। गालव ऋषि की तपस्थली श्रीगलताजी में जानकी नवमी का मुख्य उत्सव स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुआ। चांदपोल बाजार स्थित प्राचीन श्री रामचंद्र जी मंदिर में जानकी नवमी का पर्व भक्ति भाव से मनाया गया। सुबह भगवान श्री रामचंद्र जी और माता जानकी का वेदमंत्रों के साथ पंचामृत अभिषेक किया गया। इसमें विशेष रूप से 101 किलो देसी गाय के दूध का उपयोग किया गया। अभिषेक के बाद भगवान का बहुमूल्य रत्नजड़ित आभूषणों एवं सुगंधित पुष्पमालाओं से श्रृंगार किया गया। भगवान को सोने एवं चांदी के चरण आभूषण कड़े, चरण फूल एवं पायल धारण करवाई गई। दोपहर 2 बजे सीताजी की जन्म आरती हुई। सुबह से रात्रि तक निरंतर बधाई उत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें भजन-कीर्तन उछाल की गई । उल्लेखनीय है कि वर्ष में केवल जानकी नवमी के दिन ही माता सीता के चरणों के दर्शन होते हैं। इस दुर्लभ अवसर का लाभ लेने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु मंदिर पहुंचे।

### सीताराम मंदिर-छोटी चौपड़

समाज श्री सीताराम जी छोटी चौपड़ के तत्वावधान में मंदिर श्री सीताराम जी छोटी चौपड़ पर राम-जानकी महोत्सव का आयोजन सुबह 9 बजे से श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। मंदिर महंत नंद किशोर महाराज के सानिध्य में सुबह 9 बजे पांच पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ माता सीता का 51 किलो दूध, दही एवं पंचामृत से अभिषेक किया। इसके बाद मंदिर महंत ठाकुरजी और सीताजी का विशेष श्रृंगार किया गया। इस विशेष दिन का भक्तों को वर्ष भर इंतजार रहता है क्योंकि इसी अवसर पर श्रद्धालुओं को माता सीता के चरणों के दर्शन प्राप्त होते हैं। महोत्सव के दौरान समाज के भक्तों द्वारा बधाई गान किया गया। दोपहर एक बजे महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को फूलों एवं बंदनवार से आकर्षक रूप से सजाया गया।

### यहां भी होंगे आयोजन

खोले के हनुमानजी स्थित सीताराम मंदिर में जानकी नवमी पर सीताजी का जन्माभिषेक किया गया। सोडाला, आदर्श नगर, स्टेशन रोड, मुरलीपुरा स्कीम स्थित श्रीराम मंदिरों में भी जानकी नवमी धूमधाम से मनाई गई।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने लिया लाभ

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर के गुप्त वृन्दावन धाम में हरे कृष्णा मूवमेंट के तत्वावधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंदों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने दंत, नेत्र, किडनी सहित विभिन्न प्रकार की जांचें कीं और रोगियों को आवश्यक परामर्श प्रदान किया। साथ ही जरूरतमंदों को आवश्यक दवाइयों का भी नि:शुल्क वितरण किया गया। संस्था के कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और आमजन ने बड़ी संख्या में



भाग लेकर स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। आयोजकों ने बताया कि अच्छा स्वास्थ्य जीवन की कुंजी है और स्वस्थ व्यक्ति ही भक्ति एवं जीवन के अन्य क्षेत्रों में बेहतर प्रगति कर सकता है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज के हर वर्ग तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना रहा। शिविर में लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने इसे सफल बनाया।

# सैनी बने कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ नागौर जिला सह प्रभारी

निसं

**लोसल ( नवयत्न )।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी राजस्थान ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष अनिल जय हिंद द्वारा प्रदेश भर में ओबीसी मोर्चा प्रकोष्ठ के जिला प्रभारी और सह प्रभारी के रूप में संगठनात्मक नियुक्तियां की गई है। कांग्रेस संघटनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने को लेकर लोसल निवासी मनोज सैनी को नागौर जिला कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ सह प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी सौंप गई है। मनोज सैनी ने बताया कि राजस्थान ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनिल जय हिंद और संगठन के पदाधिकारी द्वारा उन पर जो विश्वास जताकर



जिम्मेदारी दी गई है उसको बखूबी धरातल पर निभाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष सहित संगठन के पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया। वही संगठन में मिली नई जिम्मेदारी को लेकर लोगों ने भी मनोज सैनी को बधाइयां दी।

# जनगणना-2027 अंतर्गत स्वगणना चरण 01 मई से, आमजन करें अधिकतम सहभागिता

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** प्रमुख जनगणना अधिकारी व जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने वीडियो संदेश जारी कर जिलेवासियों से जनगणना-2027 के सफल आयोजन को लेकर सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया है। प्रमुख जनगणना अधिकारी कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि जिले में जनगणना-2027 के अंतर्गत विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। चूरू जिले में जनगणना-2027 अंतर्गत 21 चार्ज में प्रगणक एवं सुपरवाईजर नियुक्त किए गए हैं। इसी क्रम में 16 मई, 2026 से 14 जून, 2026 तक जनगणना के प्रथम चरण में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। इससे पूर्व जिले में 01 मई, 2026 से 15 मई, 2026 तक स्वगणना चरण होगा। इस दौरान नागरिकों की सुविधा के लिए स्व. गणना सेल्फ-इनुमेरेशन की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई है, जिसके अंतर्गत नागरिक अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वगणना हेतु ऑनलाइन पोर्टल पर लॉग-इन करें तथा निर्धारित 09 स्टेप पूरे कर एसई आईडी सेल्फ इनुमेरेशन आईडी प्राप्त करें और प्रगणक जब आपके घर आए तो उनके साथ एसई आईडी साझा करें। इस प्रक्रिया में एकत्रित की गई सभी जानकारी पूरी तरह सुरक्षित एवं गोपनीय हैं। आपकी जानकारी जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत पूर्णत: गोपनीय रखी जाएंगी और नाम व पहचान सार्वजनिक नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनगणना हमारे देश की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जो हर व्यक्ति की भागीदारी से सफल होती है। यह केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि देश के विकास की आधारशिला है। जनगणना से प्राप्त जानकारी के आधार पर सरकार विभिन्न योजनाएं बनाती है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं में सुधार किया जा सके। उन्होंने सभी जिलेवासियों से अपील की है कि जनगणना कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करें, सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं तथा इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य को सफल बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। आपकी छोटी-सी सहभागिता देश के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है। हम सब मिलकर जनगणना को सफल बनाएं और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें।

# पशुपालन मंत्री का आह्वान : हर पशु तक पहुंचे बेहतर चिकित्सा सेवाएं




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान विश्वविद्यालय पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान जोबनेर द्वारा स्नातकोत्तर पशुचिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान जयपुर में शनिवार को विश्व पशुचिकित्सा दिवस-2026 मनाया गया। मुख्य अतिथि पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि पशुओं को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि राज्य में नए पशु चिकित्सालय, नि:शुल्क दवाइयों की उपलब्धता, मोबाइल वेटनरी वैन, गोपालक कार्ड, मंगला पशु बीमा योजना और टीकाकरण कार्यक्रम जैसे कई प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. डॉ. त्रिभुवन शर्मा ने की। उन्होंने पशुपालन को राज्य की अर्थव्यवस्था और पोषण सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया। निदेशक डॉ. सुरेश चंद मीना ने कहा कि पशुचिकित्सक मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर सेवानिवृत्त आचार्य प्रो. डॉ. जी.सी. गहलोत और प्रो. डॉ सुनंदा शर्मा का सम्मान किया गया तथा न्यूजलेटर का विमोचन हुआ। तकनीकी सत्र में पशुचिकित्सक-भोजन और स्वास्थ्य के संरक्षक विषय पर व्याख्यान दिया गया। साथ ही नि:शुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण, स्वास्थ्य परीक्षण और पशु बांझपन निवारण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पशुपालकों ने भाग लिया। विद्यार्थियों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता और ऑनलाइन क्विज भी आयोजित की गई।

# ब्राह्मण रत्न सम्मान समारोह आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** देश-विदेश में पिछले 20 दिन से आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव का समापन समारोह रविवार 26 अप्रैल को राजस्थान इंटरनेशनल सेटर झालाना डूंगरी में सुबह 10 बजे आयोजित होगा। इस समारोह में पूरे प्रदेश की अलग-अलग विधाओं में काम करने वाली समाज की प्रतिभाओं को ब्राह्मण रत्न के अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर सांसद मंजू शर्मा, विशेष अतिथि विधायक बालमुकुंदाचार्य, विधायक प्रशांत शर्मा, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा उपस्थित होंगे। समारोह की अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा करेंगे। दिनेश शर्मा ने बताया कि इस बार भगवान परशुराम जन्मोत्सव के तहत पूरे प्रदेश में जिला एवं तहसील स्तर तक भव्य आयोजन किए गए साथ ही जयपुर से भगवान परशुरामजी की मूर्ति ऑस्ट्रेलिया पहुंच गई और मई माह में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी।

**नाम परिवर्तन**

मैं तय्यब अली पुत्र श्री मोहम्मद इस्माइल जाति-मुस्लमान निवासी-वार्ड नं 15 पुराने नये वार्ड नं 27 मोहल्ला बटवालान लुहारो के नोहरे के पास, झुंझुनूं राज मैने मेरा नाम तैय्यब हुसैन कुरेशी से बदलकर तय्यब अली रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे तय्यब अली के नाम से जाना जावें।

## डॉ. दिलीप वाधवानी को भावभीनी विदाई



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** सवाई मानसिंह चिकित्सालय में वरिष्ठ मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. दिलीप वाधवानी के सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर चिकित्सालय परिवार व कर्मचारियों ने उनके दीर्घ सेवाकाल, समर्पण और उत्कृष्ट कार्यशैली की सराहना की। राजस्थान नर्सिंग एसोसिएशन के कार्यवाहक प्रदेशाध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा ने कहा कि डॉ. वाधवानी ने सदैव मरीजों की सेवा को प्राथमिकता दी और अपने सरल व कर्मठ व्यक्तित्व से सभी के बीच विशेष पहचान बनाई। समारोह में अतिरिक्त अधीक्षक संजय शेखावत, डॉ. शैलेश दीक्षित, डॉ. बी.एल. अग्रवाल, डॉ. प्रवीण चौधरी, नर्सिंग इंचार्ज घनश्याम शर्मा, नर्सिंग अधीक्षक पी.डी. मीणा सहित कई चिकित्सक व कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने डॉ. वाधवानी के स्वस्थ, सुखद और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पेयजल सप्लाई सूचारू करने की मांग



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** नहरबंदी के बीच पेयजल सप्लाई की व्यवस्था को सुचारू करने की मांग को लेकर भाजपा नेता व एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप के नेतृत्व में एक ज्ञापन जलदाय विभाग के अधिशषी अभियंता कैलाश माली को सौंपा गया है। ज्ञापन सौंपते वक्त बाबूलाल कुलदीप ने बताया कि नहरबंदी के बीच रतनगढ़ व चूरू में तीन दिनों का रोटेशन बनाया गया है, जबकि सुजानगढ़ में 10-15 दिनों से पानी दिया जा रहा है। इसलिए इस अव्यवस्था को दूर कर पानी की सुचारू व्यवस्था किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपते वक्त भाजपा नेता पंकज घासोलिया, सम्पत पथानिया, वीरेंद्र गहलोत आदि मौजूद रहे।

## पशु-पक्षियों के लिए लगाए परिण्डे



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ की श्री चिरंजीलाल धानुका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, में पक्षियों हेतु छात्रों व आचार्यों के द्वारा पक्षियों के लिए पानी के परिण्डे विद्यालय के व्यवस्थापक रामावतार शर्मा ने लगायें। व्यवस्थापक रामावतार शर्मा ने बताया कि हम सभी को भयंकर गर्मी में पशु-पक्षियों हेतु जल की व्यवस्था अवश्य करनी चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य लोकेश कुमार चौमाल, प्रभारी नागरमल प्रजापत, राजेश बशीर, दिनेश कुमार तिवाड़ी, श्यामसुन्दर ठठेरा, श्यामलाल प्रजापत, दामोदर मंगलहारा संजय इंदौरिया, जीवण सिंह, औंकार सिंह, बजरंगलाल माहिच, ओमप्रकाश प्रजापत, विक्रम, संतोष कुमार व विद्यालय में छात्रों ने अपना सहयोग दिया।

## विद्युत पोल टूटने से लोग हुए परेशान



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** भोजलाई बास स्थित श्मसान घाट के गेट के पास स्थित लगा एक विद्युत पोल वाहन की टक्कर से टूट गया। लोगों ने बताया कि टक्कर के कारण पोल जमीन पर टूट गया, लेकिन विद्युत तारो में बंधा होने के कारण पोल तिरछा होकर हवा में ही लटक गया। गनीमत ये रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। स्थानीय निवासी सोहिल गोपालपुरिया ने बताया कि पोल टूटने के कारण आस.पास के घरों में करीब चार घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित हुई। जिसके कारण लोगों को तपती गर्मी की दोपहरी में काफी दिक्कत हुई। करीब चार घंटे बाद विद्युत पोल को दुरूस्त करने का काम किया गया।

## पीएमश्री विद्यालय का किया निरीक्षण



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** जिला शिक्षा अधिकारी (मु.) मा.शि. सीकर मुकेश कुमार जैमन एवं मुकेश निठारवाल समसा सीकर द्वारा शनिवार को पीएमश्री शहीद गजराज सिंह राउमावि दिवराला में एचपीवी टीकाकरण हेतु पीईईओ स्तर पर आयोजित पीटीएम का एवं विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सब कुछ संतोषजनक पाया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा आगंतुक शिक्षाधिकारियों का यथोचित स्वागत अभिनन्दन सम्मान किया गया।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सात भाजपा कार्यालयों का करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सोमवार को प्रदेश प्रवास पर रहेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार प्रदेश आ रहे नितिन नवीन के स्वागत में प्रदेशवासी राजस्थानी परंपरा से स्वागत करेंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी ने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सोमवार प्रात: 10:30 बजे जयपुर एयरपोर्ट आएंगे। यहां से रवाना होकर 11:15 बजे टोंक पहुचेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन टोंक में 11:30 बजे टोंक भाजपा जिला कार्यालय सहित बूंदी, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, चूरू, पाली, बाडमेर कार्यालय का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इस दौरान जालौर भाजपा जिला कार्यालय का वर्चुअल शिलान्यास भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन समारोह का सीधा लाइव प्रसारण किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कार्यकर्ताओं व आमजन को संबोधित करेंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि टोंक से रवाना होने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 2:30 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के पहली बार प्रदेश मुख्यालय पहुंचने पर जयपुर एयरपोर्ट से प्रदेश कार्यालय तक विभिन्न जगहों पर उनका स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। इस दौरान युवा मोर्चा कार्यकर्ता एयरपोर्ट से कार्यालय तक बाइकों पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के वाहनों की अगुवाई करते हुए जुलुस के साथ चलेंगे। जयपुर एयरपोर्ट के बाद, पत्रिका गेट, डब्ल्यू टीपी, शिक्षा संकुल, कनोडिया कॉलेज गांधी सर्किल, जेडी, सर्किल, रामबाग सर्किल, अंबेडकर सर्किल, बाइस गोदाम सर्किल, राजमहल पैलेस पर स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। भाजपा प्रदेश कार्यालय पर पहुंचने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का यहां भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक और कोर कमेटी की बैठक होगी। बैठक के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन दिल्ली के लिए रवाना होंगे।



## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में स्त्री अनुशल्य-2026 अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग के क्षेत्र में नवीन आयामों पर केंद्रित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला ष्स्त्री अनुशल्य-2026 का सफल आयोजन किया गया। 24-25 अप्रैल को जोरावर सिंह गेट स्थित संस्थान परिसर में आयोजित इस कार्यशाला का आयोजन संस्थान के प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभाग तथा ज्ञ ।ळव्थ् के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य स्त्री रोग एवं प्रसूति तंत्र में पैरासर्जिकल प्रक्रियाओं के आधुनिक और वैश्विक दृष्टिकोण पर विचार-विमर्श करना रहा। इसमें देश-



विदेश से करीब 260 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें नवीन अनुसंधान, क्लिनिकल अध्ययन और साक्ष्य-आधारित निष्कर्ष शामिल रहे। कार्यशाला में 8 राष्ट्रीय और 3 अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने महिलाओं से जुड़े रोगों और उनके उपचार पर विस्तृत जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं में डॉ. कौमुदी करुणागोडा, डॉ. हृद्या टी. चन्द्रन और वैद्य राजेश कंवर शामिल रहे। इस दौरान रक्तमोक्षण, अग्निकर्म, विद्धकर्म, मर्म चिकित्सा और कपिंग थेरेपी की लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी कराई गई। इन तकनीकों के उपयोग को गर्भाशय गांठ, एंडोमेट्रियोसिस, एडेनोमायोसिस, पीसीओएस, स्तन रोग, पीआईडी और हाइड्रोसाल्पिन्क्स सहित विभिन्न रोगों के उपचार में प्रदर्शित किया गया।

## ट्रस्ट की नीतियों के खिलाफ व्यापारियों का हल्ला बोल



निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी में ट्रस्ट की कार्यप्रणाली और आम रास्तों को अवरुद्ध करने के विरोध में चल रहा जनांदोलन अब तेज होने लगा है। पिछले कई दिनों से एसडीएम कोर्ट के बाहर जारी धरने पर बैठे लोगों ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि खेतड़ी कस्बा रियासत कालीन समय के विश्व प्रसिद्ध कस्बा है। रियासत कालीन समय से खेतड़ी में अनेक भवनों, महल एवं किलों का निर्माण करवाया गया था। भोपालगढ़ किला भी ऐतिहासिक रूप से रियासत कालीन समय में बनाया गया था, जिसका उपयोग तत्कालीन समय में सामरिक एवं रिहायसी निवास के लिए किया जाता था। भोपालगढ़ ग्राम में आज भी लोग रहकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। ट्रस्ट के लोगों ने कब्जा करने का प्रयास करते हुए मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया। भोपालगढ़ किले के मुख्य द्वार पर गेट लगाने को लेकर क्षेत्र की जनता में काफी आक्रोश है। इसके अलावा खेतड़ी कस्बे में कई स्थानों पर ट्रस्ट ने कब्जा कर आवागमन के रास्ते में दिवार बनाकर रास्तों को बंद किया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने भोपालगढ़ मार्ग पर लगे अवैध गेट को तुरंत हटाया जाने, व्यापारियों और ग्रामीणों पर दर्ज किए गए मुकदमे वापस लिए जाने, सार्वजनिक संपत्तियों और प्राचीन मंदिरों पर ट्रस्ट के हस्तक्षेप को रोका जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि यदि प्रशासन ने जल्द मामले में गंभीरता नहीं दिखाई तो ग्रामीणों की ओर से बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर गोकुल चंद सैनी, एडवोकेट अरुण पारीक, अरविंद सिंह निर्वाण, निकेश पारीक, भूपेंद्र सिंह सोढ़ा, श्याम सिंह चौहान, रामावतार वर्मा, प्रदीप सुरोलिया, सुरेश कुमार कुमावत, लाल सिंह इन्दा, नरेश कुमार, एडवोकेट मान सिंह, बद्री प्रसाद सैनी, सांवरमल यादव, शिव कुमार सैनी, रोशन लाल कुमावत, मूलचंद सैनी, सुगन लाल वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## राजकीय विद्यालयों में अलमारी भेंट



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ की समाजसेवी संस्था हनुमान प्रसाद सीताराम सेवा समिति ने ग्रामीण अंचल के बरजांगसर और हंसासर के राजकीय विद्यालयों में एक-एक अलमारी भेंट की । समिति के अध्यक्ष समाजसेवी सीताराम शर्मा ने अपने पुत्र गौरव दाधीच के जन्मदिन और बेटी दामाद नीतू दाधीच हिमांशु शर्मा की शादी के उपलक्ष्य में उक्त अलमारियां भेंट की तथा दोनों स्कूलों के बच्चों को चॉकलेट वितरित की। इस मौके पर मंचस्थ अतिथि युवा समाजसेवी और गो सेवक जेठाराम ढाका ने विद्यालय विकास में एक लाख रुपए देने की घोषणा की । दानाराम ढाका ने विद्यालय के लिए इलेक्ट्रिक बेल, बीरबल सांसी ने स्पीकर सेट, राकेश ढाका ने पीटी ड्रम और रामलाल जाट ने भी आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की । कार्यक्रम में गौरव दाधीच, भामाशाह प्रेरक शिक्षक राकेश गहलोत, केसरलाल ढाका आदि मंचस्थ अतिथि थे। संस्था प्रधान सुनील कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हंसासर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान नीतू कुमारी ने की। मुख्य अतिथि सीताराम शर्मा, विशिष्ट गौरव दाधीच, शिक्षक राकेश गहलोत और हरिप्रसाद सैन का विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर शिक्षक बबीता, आनंदी सैन, सुभाष ढाका, अंजू कुमारी एवं अभिभावकगण उपस्थित थे। संचालन शिक्षक रवीन्द्र बुरड़क ने किया।

## पाटोत्सव आज

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** नारायणी माता मंदिर कंचनपुर में रविवार को 23 वां पाटोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह से ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसकी शुरुआत सुबह 9 बजे सुंदरकांड पाठ से होगी। दोपहर 12 बजे बैंड-बाजे के साथ रथयात्रा निकाली जाएगी। यह रथयात्रा गांव के मुख्य मार्ग से होकर वापस माता के मंदिर पहुंचेगी। यात्रा के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर झांकी का स्वागत किया जाएगा। दोपहर 3 बजे से भामाशाह सम्मान एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा।

इसमें खंडेलावाटी और तंवरावाटी क्षेत्र के सभी सेन बंधु उपस्थित रहेंगे। शाम को एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी सुनील कुमार सेन ने बताया कि इस धार्मिक कार्यक्रम में गांव के सभी समाजों की भागीदारी रहती है।

## झुंझुनू जिला ऑपन सीनियर एथेलेटिक मीट 3 को

**पिलानी (नवयत्न)।** राजस्थान स्टेट सीनियर एथेलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए झुंझुनू जिले की टीम का चयन 3 मई को पिलानी में किया जाएगा। झुंझुनू जिला एथेलेटिक संघ सचिव नरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि तीन मई की सुबह 7 बजे से कस्बे के कोर्ट रोड स्थित एनएस एकेडमी खेल मैदान पर टीम का चयन होगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय सीनियर एथेलेटिक मीट में छोटी, मध्यम व लंबी दूरी की दौड़, थ्रो व जंप के इवेंट्स के लिए होगा। प्रतियोगिता में 18 वर्ष तथा इससे अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। चयनित जिले की टीम को बीकानेर में 30 से 31 मई तक होने वाली राजस्थान स्टेट सीनियर एथेलेटिक चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

## वाकपीठ संगोष्ठी में शिक्षा नवाचारों पर हुआ मंथन



निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** सेठ गणेशनारायण सौंथलिया अतिथि भवन जाखल में राउमा विद्यालय के तत्वावधान में वाक्पीठ संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता झुंझुनूं के सीडीईओ अशोक शर्मा ने की। कार्यक्रम के संरक्षक नवलगढ़ सीबीईओ आत्माराम रहे। संगोष्ठी में वाक्पीठ अध्यक्ष राजेंद्र दड़िया, सचिव सुशील रामुका, उपसचिव वेदकौर, कोषाध्यक्ष रोहिताश मीणा, संयोजक सुरेन्द्र कुमार पारीक, एसीबीईओ कुलदीप पूनिया, भामाशाह सेठ श्याम सुंदर सौंथलिया, आरपी अशोक कुमार, प्रधानाचार्य बीरबल सूंडा, राजपाल गोदारा, उमेश मिठारवाल, रोहिताश कुमार, संजय सोमरा, विनयशील, आशा टांक, इंदु टेलर, शिवनाथ सिंह कालेर, रायसिंह महला, विनोद लोहिया, संजू नेहरा, सुंदरलाल सैनी, प्रभुदयाल, सुरेंद्र कुमार गर्वा सहित अनेक शिक्षाविद् उपस्थित रहे। संगोष्ठी में शिक्षा के विभिन्न आयामों पर चर्चा हुई। प्रमुख विषयों में अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में नवाचार, नामांकन वृद्धि के प्रभावी उपाय, आईसीटी लैब का छात्रहित में प्रभावी उपयोग, ट्रांसपोर्ट वाउचर व्यवस्था, परीक्षा परिणाम में सुधार, विद्यालय संबलन, जनसहयोग तथा खेल गतिविधियों के विस्तार जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल रहे। वक्ताओं ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नवाचार और सामुदायिक सहभागिता को अत्यंत आवश्यक बताया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विक्रम सिंह जाखल ने कहा कि नवलगढ़ ब्लॉक के 81 उच्च माध्यमिक विद्यालयों में खेल गतिविधियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विधायक निधि से प्रत्येक विद्यालय को 25 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवलगढ़ की युवा शक्ति खेलों के माध्यम से नई ऊँचाइयों को छुएगी और प्रदेश व देश का नाम गौरवान्वित करेगी।

## गौ हत्या बंद करने व राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग को लेकर 27 को विशाल रैली

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** देशव्यापी आह्वान पर पूरे देश में 27 अप्रेल 2026 को गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत नोखा की गंगा गौशाला में गौशाला कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष बनवारीलाल डेलू की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें कार्यकारिणी व गौशाला की सत्संग मंडली के अनेको नर नारी गौभक्त उपस्थित रहे। बनवारीलाल डेलू, वासूदेव तिवाड़ी सहित वक्ताओं और श्री गंगा गौशाला कार्यकारिणी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में जिस गाय को माँ की संज्ञा दी गई है उस गौमाता की हत्या हो रही है और उसे कोई



सम्मान नहीं मिल रहा है। हमारे सनातन धर्म में गौमाता में 33 कोटी देवी देवताओं का निवास माना गया है। लेकिन वर्तमान में राज्यों व देश में गौ माता दु:खी हैं । राजस्थान हाई कोर्ट व हैदराबाद हाई कोर्ट द्वारा गाय का राष्ट्रीय पशु घोषित करने व गौवध पूर्णत: बन्द करने व गौ वध करने वालों को आजीवन कारावास की सजा की सिफारिस के बावजूद केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा कार्य वाही नहीं की जा रही है। इस गूंगी बहरी सरकारों को कुंभकरणी नींद से जगाने के लिए अब देश भर में साधू संतो व आम लोगो को संघर्ष के लिए सड़को पर उतरने के लिए बाध्य होना पड़ रहा। प्रथम चरण में पूरे देश भर सभी तहसीलों द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, और मुख्य मंत्रीयों के नाम ज्ञापन दिये जायेंगे। नोखा में 27 अप्रैल 2026 सोमवार को लाहोटी चौक से प्रात: 11 बजे विशाल रेली के रूप में संकिर्तन करते हुए उपखण्ड अधिकारी कार्यालय पहुँचकर ज्ञापन दिया जाएगा । गौशाला समिति व साधू-संतों ने आमजन से अधिकाधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

## जानकी नवमी पर झूलेलाल मंदिर पुनर्निर्माण का शुभारंभ

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जानकी नवमी के अवसर पर मानसरोवर स्थित भगवान श्री झूलेलाल मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में किया गया। श्री अमरापुर दरबार के स्वामी मोहन प्रकाश जी महाराज ने भूमि पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वामी मोहन प्रकाश जी ने प्रवचन में सेवा और सत्संग को कलयुग में मोक्ष का प्रमुख मार्ग बताते हुए समाजसेवा के लिए प्रेरित किया तथा निर्माण कार्य में सहयोग का आह्वान किया।



पंडित विजेंद्र शर्मा के सान्निध्य में गणेशए नवग्रह एवं भूमि पूजन सहित पारंपरिक विधियों से नींव रखी गई, जिसमें सप्त मृतिका, पंच धातु, पंच रत्न, चांदी के नाग-नागिन, गोमती चक्र सहित शुभ सामग्री स्थापित की गई। संरक्षक चंदीराम जसवानी, अध्यक्ष ईश्वर करमानी व महासचिव रवि हेमलानी ने बताया कि परिसर में सत्संग हॉल, कम्युनिटी हॉल, संग्रहालय, कौशल विकास केंद्र, धर्मशाला व वृद्धाश्रम जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। कार्यक्रम में गोरधन आसनानी ने 51 हजार रुपए का योगदान दिया और समाज से सहयोग की अपील की। इस दौरान कई गणमान्यजन उपस्थित रहे तथा स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190